CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 40°C
न्यूनतम : 22°C

मेरठ, रविवार 19 अप्रैल 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 317 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 30 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एसआईआर प्रक्रिया असंवैधानिक और लोकतंत्र का मखौल: एसवाई कुरैशी पेज 2



दिल्ली ने बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में हराया खेल टाइम्स



अफ्रीका के रास्ते मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप, हमले के डर से रास्ता बदला पेज 11



रश्मिका ले रहीं मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### एआई से डरने की जरूरत नहीं, संतुलन जरूरी: सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती। यह बात उन्होंने शनिवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल करते समय संतुलन जरूरी है। इससे काम तेज और आसान हो सकता है, लेकिन फैसला हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ से ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे एआई से प्रभावित न हों और अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखें। यह बयान उन्होंने 'रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर कर्नाटक स्टेट ज्यूडिशियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में दिया। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी मौजूद थे।

### सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा: संविधान सबसे ऊपर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों का फैसला करते समय, संविधान को व्यक्तिगत धार्मिक मान्यताओं से ऊपर रखना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में मन की स्वतंत्रता और संवैधानिक ढांचे द्वारा निर्देशित होना जरूरी है। अदालत में चल रही यह बहस इस बिंदु पर केंद्रित रही कि क्या धर्म के मामलों में न्यायपालिका का दखल उचित है। पीठ ने संकेत दिया कि जब मुद्दा संवैधानिक अधिकारों का हो, तो केवल 'धर्म' की दुहाई देकर उसे न्यायिक समीक्षा से बाहर नहीं रखा जा सकता। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने तर्क दिया था कि अंतरात्मा का अधिकार बहुत व्यापक है और यह किसी भी व्यवस्था या धर्म पर सम्मानपूर्वक सवाल उठाने की स्वतंत्रता देता है। बेंच अब इस संदर्भ में धर्म, अंतरात्मा और अनुच्छेद 25 व 26 के परस्पर संबंधों की व्याख्या कर रही है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है।

### भारत एक महीने और खरीद सकेगा रूस से तेल

**वाशिंगटन।** वैश्विक ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल के बीच भारत के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर लगी छूट को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब पहले इस छूट को आगे न बढ़ाने के संकेत दिए गए थे। अब इस कदम को ट्रम्प प्रशासन का बड़ा यू-टर्न माना जा रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने देर रात नया लाइसेंस जारी कर बताया कि अब देशों को 16 मई तक समुद्री मार्ग से रूसी तेल को खरीदने की अनुमति होगी। इससे पहले यह छूट 11 अप्रैल को समाप्त हो चुकी थी। हालांकि, इस लाइसेंस में ईरान, क्यूबा और उत्तर कोरिया से संबंधित किसी भी लेन-देन को शामिल नहीं किया गया है। इस फैसले का मकसद वैश्विक स्तर पर बढ़ती ऊर्जा कीमतों को नियंत्रित करना है।

# ट्रम्प की धमकी के बाद ईरान ने फिर बंद किया होर्मुज स्ट्रेट

## सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट, अब फिर से पुरानी स्थिति, सख्त ईरानी सैन्य नियंत्रण में वापस आया

तेहरान, वार्ता

**ईरान ने शनिवार** को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट अब फिर से पुरानी स्थिति यानी सख्त सैन्य नियंत्रण में वापस आ गया है। ईरान ने यह फैसला अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की लगातार की जा रही घेराबंदी के जवाब में लिया है।

तेहरान ने पहले इस जलमार्ग को फिर से खोलने की घोषणा की थी। ईरानी सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने इस संबंध में जानकारी दी है। ईरान के सेंट्रल हेडक्वार्टर ऑफ द होली प्राफेट के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि तेहरान ने पहले सद्भावना दिखाते हुए बातचीत के बाद तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों को इस रास्ते से सीमित और प्रबंधित तरीके से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई थी। हालांकि, प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अपने वादों को बार-बार तोड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका घेराबंदी लागू करने के बहाने समुद्री डकैती और लूटपाट जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है।



■ **आईआरआईबी ने कहा: अमेरिका ने अपने वादों को बार-बार तोड़ा**

### अमेरिका-ईरान युद्धविराम आगे नहीं बढ़ाया जा सकता: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम को लेकर बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि मौजूदा युद्धविराम को आगे बढ़ाया भी जा सकता है और नहीं भी, यह पूरी तरह हालात पर निर्भर करेगा। एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से ट्रम्प ने कहा कि अगर तय समय तक कोई समझौता नहीं होता है, तो युद्धविराम को आगे बढ़ाने की संभावना कम हो सकती है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि हालात बिगड़ने पर सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू हो सकती है। ट्रम्प ने कहा कि शायद मैं इसे आगे न बढ़ाऊं, लेकिन नाकाबंदी जारी रहेगी। अगर समझौता नहीं हुआ तो हमें फिर से कार्रवाई करनी पड़ सकती है।

### होर्मुज में भारतीय जहाजों पर IRGC की गोलीबारी

■ **भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर वापस लौटना पड़ा, भारत में ईरानी राजदूत तलब किया गया**

**काहिरा/नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान की ओर से कथित गोलीबारी के बाद भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर लौटना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले इस अहम समुद्री मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक तेल सप्लाई, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दो भारतीय जहाज जग अर्नव और सन्मार हेराल्ड इस घटना में शामिल थे। इनमें से जग अर्नव, जो लगभग 20 लाख बैरल इराकी कच्चा तेल लेकर जा रहा था, पर फायरिंग की गई। दूसरा जहाज पास में मौजूद था, लेकिन उसे निशाना नहीं बनाया गया। घटना के बाद दोनों जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट से वापस लौटने का फैसला लिया। मामले में भारत ने सख्त रुख अपनाया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब किया है और कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

# महिला आरक्षण बिल पर माफी मांगता हूं: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ **प्रधानमंत्री ने कहा: जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी**

■ **नारी अपमान नहीं भूलती, परिवारवादी पार्टियां डर गईं, करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिला आरक्षण पर देश को 30 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है, तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। पीएम ने कहा कि विपक्ष ने जश्न मनाया, मेजें थपथपाईं, महिलाओं के सपने को कुचल दिया, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे। कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी, तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाईं थीं। कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फार ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी -शेष पृष्ठ दो पर

# केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 2 % बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक जनवरी 2026 से अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता दो प्रतिशत बढ़ाने कीमंजूरी प्रदान कर दी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा।

**अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए कुल महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 फीसदी हो जाएगा**

**रिटायर केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन में मिलने वाली महंगाई राहत भी 58 फीसदी से बढ़कर 60 प्रतिशत हुई**

**केंद्र ने रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी, 24815 करोड़ खर्च का अनुमान**

सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन में मिलने वाली महंगाई राहत भी 58 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी कर दी गई है। इससे सरकारी खजाने पर हर साल तकरीबन 6,791.24 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस फैसले से लगभग 50.46 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.27 लाख पेंशनभोगी लाभांवित होंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि महंगाई भत्ते में यह वृद्धि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप की गई है। वहीं सरकार ने रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है, जिस पर लगभग 24,815 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने भारतीय रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 24,815 करोड़ है और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के कुल 15 जिलों को कवर किया जाएगा, जिससे भारतीय रेलवे नेटवर्क में करीब 601 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

### पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग

**पुणे।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10.30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि आईएएफ के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था, लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नार्मल हो सका। आईएएफ ने एक्स पर बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं।

# यूपी का बांदा एशिया में सबसे गर्म, पारा 45.4 डिग्री पहुंचा

■ **ओडिशा- छत्तीसगढ़ के कई जिलों में स्कूल बंद**

**नई दिल्ली।** देश के लगभग सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के बांदा में शुक्रवार को तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस सीजन में अब तक एशिया में सबसे ज्यादा तापमान है।

दिलचस्प बात यह है कि एक हफ्ते पहले, यानी 9-10 अप्रैल को देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम 12 डिग्री सेल्सियस तापमान भी बांदा में ही दर्ज हुआ था। इधर, आज से अगले 4 दिन मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में लू चलने की आशंका है। यूपी के 16 जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा, जिससे हीटवेव यानी लू चली। प्रयागराज, वाराणसी समेत 50 शहरों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मप्र के 13 जिलों में स्कूलों का टाइम बदला गया है।

### नोएडा हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के मुख्य साजिशकर्ता और एक लाख के इनामी आरोपी आदित्य आनंद को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने उसे तमिलनाडु के तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन से दबोचा है। पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना- प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका सामने आई थी।

# इतिहास की गवाही देता कब्रिस्तान

## संरक्षण को तरसती जिम कॉर्बेट की यादें, लोगों ने की संरक्षण की मांग

अफ़ज़ल हुसैन फौजी

**नैनीताल।** उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में बसा नैनीताल सिर्फ अपनी झीलों, पहाड़ों और सुहावने मौसम के लिए ही नहीं, बल्कि अपने भीतर छिपे इतिहास के अनमोल खजाने के लिए भी जाना जाता है।

इन्हीं ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल है सूखाताल क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन कब्रिस्तान, जो आज भी ब्रिटिश काल की कहानियों को अपने भीतर संजोए हुए है। घने पेड़ों और सन्नाटे के बीच मौजूद यह स्थान एक अलग ही अनुभूति कराता है, यहां की हर कब्र अतीत की एक कहानी कहती है। इस कब्रिस्तान की सबसे खास बात यह है कि यहां प्रसिद्ध शिकारी, लेखक और प्रकृतिविद् जिम कार्बेट के माता-पिता, मैरी जिम कार्बेट और क्रिस्टोफर विलियम कार्बेट की कब्रें मौजूद हैं। क्रिस्टोफर कार्बेट उस समय नैनीताल में पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत थे। इन कब्रों के माध्यम से न केवल एक परिवार का इतिहास सामने आता है, बल्कि उस दौर की झलक भी मिलती है, जब नैनीताल अंग्रेजों के लिए एक प्रमुख हिल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा था।

### जिम कॉर्बेट के माता-पिता की कब्रें

नैनीताल निवासी प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत बताते हैं कि, यह कब्रिस्तान केवल एक दफन स्थल नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय विरासत का हिस्सा है। इसका संबंध सेंट जान्स इन द विल्डरेंस चर्च से भी जुड़ा हुआ है, जिसे कुमाऊं का पहला प्रोटेस्टेंट चर्च माना जाता है। वर्ष 1845 में स्थापित यह चर्च ब्रिटिश काल में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र हुआ करता था। यहीं पर बपतिस्मा, विवाह और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते थे। इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत बताते हैं कि आज भी कई विदेशी परिवार अपने पूर्वजों की याद में नैनीताल आते हैं और इस कब्रिस्तान व चर्च में स्थित कब्रों को देखने पहुंचते हैं। यह परंपरा इस बात का प्रमाण है कि नैनीताल केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। हालांकि विडंबना यह है कि -शेष पृष्ठ दो पर

### 1880 के भूस्खलन से जुड़ा है इतिहास

इस कब्रिस्तान में कुमाऊं के पूर्व ब्रिटिश कमिश्नर जॉर्ज थामस ल्यूसिंगटन की कब्र भी स्थित है, जिन्हें नैनीताल के नगरीकरण की शुरुआत करने का श्रेय दिया जाता है। इसके अलावा, वर्ष 1880 में आए भीषण भूस्खलन के पीड़ितों को भी यहीं दफनाया गया था। यह घटना आज भी नैनीताल के इतिहास में एक दर्दनाक अध्याय के रूप में दर्ज है और इस कब्रिस्तान की गंभीरता को और बढ़ा देती है। इतिहास की इतनी परतें अपने भीतर समेटे यह कब्रिस्तान आज जर्जर हालत में है। कई कब्रों पर लिखे नाम मिट चुके हैं, पत्थर -शेष पृष्ठ दो पर

# राहुल के आवास पहुंची भाजपा महिला सांसद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ **बांसुरी स्वराज समेत कई हिरासत में**

**नई दिल्ली।** संसद में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिए जाने के मकसद से लाए गए विधेयक को संसद से पारित नहीं कराया जा सका। संसद में मिली इस विफलता भाजपा आक्रोशित है। सड़कों पर प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

विपक्ष पर नारी विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए महिला सांसदों, नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी के आवास का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेस बनाम भाजपा की राजनीति भी शुरू हो गई है। प्रदर्शन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद हेमा मालिनी, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज और मनोज तिवारी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। दोनों खेमों के नेताओं की बयानबाजी जारी है। महिला आरक्षण कानून में संशोधन के लिए लाए गए संविधान संशोधन विधेयक पारित न होने से आक्रोशित भाजपा नेताओं ने विधेयक के विरोध में मतदान करने वाले विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष पर महिला सशक्तिकरण में बाधा डालने और राजनीतिक स्वार्थ साधने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए महत्वपूर्ण था। उन्होंने विपक्ष के दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाए। भाजपा ने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल वोट बैंक की राजनीति करता है। यह विधेयक महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम था।

## संक्षिप्त समाचार

### सिन्हा ने राजौरी में राज कुमार थापा स्मारक का उद्घाटन किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को राजौरी में शहीद एडीडीसी डा. राज कुमार थापा शहीद स्मारक, संग्रहालय और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. थापा ऑपरेशन सिदूर के दौरान पाकिस्तान की बिना उकसावे वाली गोलाबारी में शहीद हो गए थे। उप राज्यपाल ने डा. थापा को श्रद्धांजलि दी, उनकी निस्वार्थ सेवा और लोगों की कल्याण के लिए फैलादी समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि यह शहीद स्मारक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में डा. थापा के जीवन पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर डा. राज कुमार थापा के परिवार के सदस्य और सुरक्षा बलों, पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास नहीं होने की निंदा

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से यहां आयोजित राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन में महिला उद्यमियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पास नहीं होने की निंदा की। काले झंडे और हाथों में तख्तियां लेकर सम्मेलन में पहुंची महिला उद्यमियों ने संसद में कल महिला आरक्षण विधेयक को हराने पर कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में महिला उद्यमियों की एकजुटता और दृढ़ संकल्प देखने को मिला। उन्होंने इस घटनाक्रम को देश की महिलाओं की आकांक्षाओं के साथ 'ऐतिहासिक विश्वासघात' करार दिया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

# एसआईआर प्रक्रिया असंवैधानिक और देश के लोकतंत्र का मखौल: एसवाई कुरैशी

**नई दिल्ली।**

**■ पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए**

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने देश भर में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे असंवैधानिक और जनता के खिलाफ एक षड्यंत्र करार दिया है।

मानवाधिकार संगठन 'जनहस्तक्षेप' की ओर से यहां प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में 'सिलेक्टिग द इलेक्टर्स: मॉकरी ऑफ डेमोक्रेसी' विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कुरैशी ने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची और चुनाव संबंधी कानूनों के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ है। कुरैशी ने स्पष्ट किया कि वोटर लिस्ट में नाम होना और मतदान का अधिकार नागरिकों का संवैधानिक हक है, यह सरकार या चुनाव आयोग की कोई 'मेहरबानी' या 'चैरिटी' नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया अपारदर्शी है और इसके जरिए नागरिकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि चूंकि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियां अधूरी और त्रुटिपूर्ण हैं, इसलिए वहां पुरानी सूचियों के आधार पर ही मतदान कराया जाना चाहिए। सेमिनार में उपस्थित बुद्धिजीवियों और कार्यकर्ताओं ने एक सुर में एसआईआर प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की।

उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' शब्द के नाम पर लाखों लोगों को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है, जो कि चिंताजनक है। वहीं आईएफटीयू की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अपर्णा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों में काटी गई कुल सूचियों में से 58-5 प्रतिशत नाम मुस्लिम समुदाय के हैं। उन्होंने इसे 'विदेशी घुसपैठ' की धारणा स्थापित करने की कोशिश बताया, जिससे सबसे अधिक प्रवासी मजदूर और महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। प्रेस क्लब की अध्यक्ष संगीता बरुआ ने असम मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां 19 लाख लोगों को अवैध घोषित किया गया था और अब बंगाल में भी वैसी ही स्थिति पैदा की जा रही है। जनहस्तक्षेप के सहसंयोजक अनिल दुबे ने चर्चा का समापन करते हुए कहा कि एसआईआर को परिसीमन और 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से जोड़कर देखा जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य करोड़ों गरीबों और अल्पसंख्यकों को मताधिकार से वंचित कर उन्हें केवल कॉर्पोरेट के लिए 'सस्ता श्रम' बनाकर रखना है। सेमिनार में कुछ प्रस्ताव भी पारित किए गए। इनमें कहा गया है कि संगठन की मांग है कि पश्चिम बंगाल सहित देश भर में एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए और 2025 की अपडेटेड सूची को आधार मानकर मतदान का अधिकार दिया जाए।

# भीषण गर्मी से राहत दिलाने की बड़ी तैयारी

**ऊर्जा विभाग ने पीक डिमांड को ध्यान में रखते हुए 34 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति का लक्ष्य रखा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट से निपटने के लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऊर्जा विभाग ने इस वर्ष पीक डिमांड को ध्यान में रखते हुए लगभग 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार की है, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

ऊर्जा विभाग के मुताबिक अप्रैल से सितम्बर के बीच बिजली की मांग में तेज बढ़ोतरी होती है। इस वर्ष जून में पीक डिमांड करीब 33,375 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि मई और जुलाई में यह 31 से 32 हजार मेगावाट के बीच रह सकती है। बढ़ती मांग को देखते हुए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। घाटमपुर, खुर्जा, पनकी, ओबरा और जवाहरपुर जैसी प्रमुख परियोजनाओं से उत्पादन शुरू



हो चुका है, जिससे राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

विशेष रूप से घाटमपुर परियोजना की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक चालू होने की संभावना है, जिससे आपूर्ति और मजबूत होगी। पीक आवर्स में करीब 80 प्रतिशत बिजली की मांग पहले से किए गए लॉन्ग टर्म एमओयू के जरिए पूरी की जाएगी। इन माध्यमों से जरूरत के समय अतिरिक्त बिजली खरीदी जाएगी, जिससे आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बना रहेगा। इसके अलावा, अन्य राज्यों के साथ लगभग 4,663 मिलियन यूनिट बिजली की बैंकिंग व्यवस्था भी की गई है।

इससे आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बिजली ली जा सकेगी और बाद में वापस की जाएगी। मुख्यमंत्री ने हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाई गई है। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों को लेकर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा

# संभावित अल नीनो के बावजूद किसान हित सर्वोपरि

**नई दिल्ली, वार्ता**



**■ किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करें अधिकारी: चौहान**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति तथा आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए कृषि सचिव और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मौसम पूर्वानुमान, जल उपलब्धता, फसलों की स्थिति, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था, राज्यों की तैयारियों तथा संभावित प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से निपटने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि इस समीक्षा बैठक में सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के किसान हित सर्वोपरि है और संभावित अल नीनो प्रभाव को लेकर सरकार तैयार है।

बैठक में बताया गया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से कम रहने की संभावना व्यक्त की है और मौसमी वर्षा देशभर में दीर्घकालीन औसत के लगभग 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है। साथ ही यह भी संकेत दिया गया है कि मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की स्थिति विकसित हो सकती है, हालांकि अंतिम आकलन मई के अंत में जारी होगा। चौहान ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट किया कि मौसम संबंधी पूर्वानुमान को गंभीरता से लेते हुए सरकार पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रही है और किसानों को किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयास, बेहतर जल प्रबंधन और सिचाई सुविधाओं के विस्तार के कारण संभावित चुनौतियों का प्रभाव काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। बैठक में यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखा गया कि वर्तमान समय में देश के जलाशयों का जलस्तर संतोषजनक स्थिति में है और समग्र भंडारण सामान्य से बेहतर है।

### उप्र के किसानों से 20 लाख टन आलू खरीद को केंद्रीय कृषि मंत्री की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में 20 लाख टन आलू की खरीद को हरी झंडी दे दी। उन्होंने 'बाजार हस्तक्षेप योजना' (एमआईएस) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के इस संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में आलू की खरीद 6,500-90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर की जाएगी। इस योजना में भारत सरकार का संभावित अंश 203.15 करोड़ रुपये रहेगा। इस कदम से उत्तर प्रदेश के आलू उगाने वाले किसानों को सही दाम मिलने में सहायता मिलेगी और उन्हें अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

# सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त इंतजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। यह परीक्षा 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश के छह जिलों में चार पालियों में आयोजित की जा रही है।

आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के कुल 53 केंद्रों पर हो रही है। 33 विषयों के 910 पदों के लिए अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने परीक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा केंद्रों के कक्षों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन्हें संबंधित जनपदों तथा आयोग के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रत्येक जनपद में आयोग के सदस्यों को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें गोरखपुर में डा. कृष्ण चंद्र वर्मा, प्रयागराज में डा. हरेंद्र कुमार राय तथा वाराणसी में विमल कुमार विश्वकर्मा समेत अन्य सदस्य शामिल हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# आधार की फोटोकॉपी का झंझट खत्म अब बिना इंटरनेट होगा पहचान सत्यापन

**कानपुर, वार्ता**

**■ क्यूआर कोड, ई-आधार या आधार एप के जरिये अपनी पहचान तुरंत और सुरक्षित तरीके से सत्यापित करा सकेगा, बिना इंटरनेट कनेक्शन के**

पहचान सत्यापन की प्रक्रिया अब पूरी तरह बदलने जा रही है। आधार ऑफलाइन वेरिफिकेशन व्यवस्था के तहत अब किसी भी संस्थान में पहचान के लिए आधार की फोटोकॉपी देने या ओटीपी का इंतजार करने की जरूरत नहीं रहेगी।

व्यक्ति अब केवल क्यूआर कोड, ई-आधार या आधार ऐप के जरिए अपनी पहचान तुरंत और सुरक्षित तरीके से सत्यापित करा सकेगा, वह भी बिना इंटरनेट कनेक्शन के। इस नई व्यवस्था में सबसे अहम बात यह है कि आधार धारक को अपनी पूरी जानकारी साझा नहीं करनी पड़ती। सत्यापन पूरी तरह उसकी सहमति पर आधारित होता है और वह केवल आवश्यक जानकारी ही साझा करता है। इससे डेटा पर उसका नियंत्रण बना रहता है और दुरुपयोग की आशंका कम हो जाती है। ऑफिस, होटल और सोसायटी गेट पर क्यूआर कोड स्कैन से एंट्री का उद्देश्य केवल सुविधा नहीं, बल्कि सुरक्षा को मजबूत करना है। अब किसी व्यक्ति द्वारा दिखाया गया आधार दस्तावेज असली है या नहीं, इसकी पुष्टि मौके पर ही की जा सकेगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही उसमें मौजूद जानकारी यूआईडीएआई के डिजिटल सिग्नेचर से मिलान की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दस्तावेज फर्जी नहीं है और उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। इस प्रक्रिया में इंटरनेट की जरूरत नहीं होती और न ही पूरा आधार नंबर साझा करना पड़ता। केवल आवश्यक जानकारी के आधार पर पहचान की पुष्टि हो जाती है, जिससे फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगेगी। सरकारी दफ्तरों, डेटा सेंटर और अन्य संस्थानों में प्रवेश के लिए अब डिजिटल सत्यापन का उपयोग किया जा सकेगा। क्यूआर स्कैन और आधार ऐप के जरिए पहचान की पुष्टि की जाएगी और आवश्यकता होने पर फेस वेरिफिकेशन से व्यक्ति की मौजूदगी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। रेजिडेंशियल सोसायटी में अतिथि, डिलीवरी कर्मी और घरेलू सहायकों की एंट्री अब अधिक भरोसेमंद तरीके से दर्ज की जा सकेगी। पारंपरिक तरीके से केवल पहचान पत्र देखने की बजाय अब डिजिटल सत्यापन से पहचान की पुष्टि होगी। नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों में ग्राहक सत्यापन की प्रक्रिया तेज और सुरक्षित होगी। डिजिटल सिग्नेचर आधारित आधार डेटा के जरिए तुरंत पहचान की पुष्टि की जा सकेगी, जिससे मैनुअल जांच और अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत कम होगी।

आधार ऑफलाइन वेरिफिकेशन व्यवस्था आधार धारक, सत्यापन करने वाली संस्था और यूआईडीएआई पर आधारित है। आधार धारक अपनी सहमति से जानकारी साझा करता है, संस्थाएं उसका सत्यापन करती हैं और यूआईडीएआई पूरी प्रक्रिया के लिए तकनीकी व कानूनी ढांचा उपलब्ध कराता है। इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ गेहूं भी सस्ता हुआ। वहीं चीनी में तेजी रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये घटकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,770 रुपये प्रति लक्वटल बोला गया। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव नजर आया। मूंग दाल औसतन 29 रुपये और उड़द दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 20 रुपये टूट गई। तुअर दाल 12 रुपये और चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 159 रुपये और पाम ऑयल की 31 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गयी। वनस्पति 71 रुपये और सूरजमुखी तेल 55 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 53 रुपये और सरसों तेल की 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी छह रुपये महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7689.48 रुपये, मसूर काली 8062.03 रुपये, मूंग दाल 10200-10 रुपये, उड़द दाल 10841.55 रुपये, तुअर दाल 11262.65 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.83 रुपये और चावल 3843.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3269.73 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4308.70 रुपये और गुड़ 5024.28 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 17921.52 रुपये, मूंगफली तेल 18697.83 रुपये, सूरजमुखी तेल 17530.13 रुपये, सोया तेल 14923.28 रुपये, पाम ऑयल 13389.58 रुपये और वनस्पति 14910.15 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### महिला आरक्षण...

है। महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर के विपक्ष ने जो पाप किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। इन दलों ने संविधान निर्माता की भावनाओं का भी अपमान किया है। और जनता द्वारा इसकी सजा से भी वे बच नहीं पाएंगे। ये महिलाएं देश की सेवा करना चाहती है, लेकिन परिवारवादियों के भीतर उनसे असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बिल सभी दलों और राज्यों के लिए एक मौका था। एक अवसर था ये बिल पास होता तो बंगाल, यूपी, केरल सभी राज्य की सीटें बढ़तीं। इन लोगों ने अपने राज्यों को धोखा दिया। डीएमके के पास मौका था और ज्यादा लोगें को सांसद विधायक बना सकती थी लेकिन उसने मौका खो दिया। मोदी ने कहा कि टीएमसी के पास भी बंगाल के लोगों को आगे बढ़ाने का मौका था, लेकिन गंवा दिया। सपा भी महिला विरोध होने के छवि के दाग को कम करने के मौके से चूक गई। सपा ने बिल का विरोध करके लोहिया जी के सपनों को पैरों तले रौंद दिया। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने फिर एक बात साबित कर दिया कि कांग्रेस एक एंटी रिफार्म पार्टी है। कांग्रेस 21वीं सदी के भारत के निर्माण के लिए सभी फैसलों को खारिज कर देती है। यही कांग्रेस का इतिहास है। यह उनकी निगेटिव पालिटिक्स है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये महिलाएं देश की सेवा करना चाहती हैं, लेकिन परिवारवादियों के भीतर असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। ये 'बांटों और राज करो' की पॉलिटिक्स अंग्रेजों से विरासत में लेकर आई है।

### जिम कार्बेट के ...

इतनी ऐतिहासिक महत्ता होने के बावजूद यह स्थल आज उपेक्षा का शिकार बना हुआ है, जिसका संरक्षण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए, साथ ही नैनीताल के स्थानीय निवासियों को जिम्मेदार नागरिक के तौर पर इस जगह में गंदगी आदि नहीं फैलानी चाहिए।

### 1880 के...

टूट-फूट गए हैं और आसपास झाड़ियां उग आई हैं। स्थानीय लोगों और इतिहास प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते इस धरोहर का संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां इस महत्वपूर्ण इतिहास से वंचित रह जाएंगी। आज जरूरत इस बात की है कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस कब्रिस्तान के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाएं। यदि इसे संरक्षित और विकसित किया जाए, तो यह न केवल इतिहास प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है, बल्कि नैनीताल के पर्यटन को भी एक नई दिशा दे सकता है।

# बूथ कमेटियों को मजबूत करने का अभियान चलाएगी सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ उप्र में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी की बड़ी तैयारियां**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने व्यापक स्तर पर वोटर जोड़ने का अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। एसआईआर के बाद सपा में शुरू हो रही इस क़वायद को चुनावी लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव खुद समय समय पर इस प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक़ पार्टी का लक्ष्य है कि कोई भी समर्थक मतदाता वोट देने से वंचित न रह जाए। इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर न सिर्फ नए मतदाताओं का पंजीकरण कराएंगे, बल्कि गलत या अप्रासंगिक नामों को सूची से हटवाने का भी काम करेंगे। पार्टी नेतृत्व की ओर से सभी बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) और बूथ कमेटियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खासतौर पर उन बूथों पर फोकस रहेगा, जहां सपा की स्थिति मजबूत मानी जाती है। हर बूथ पर 10-12 कार्यकर्ताओं की टीम बनाई गई है, जिन्हें घर-घर जाकर सर्वे की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। निर्वाचन आयोग द्वारा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी की गई अंतिम मतदाता सूची में करीब 13-40 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं। हालांकि इस प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में करीब 2.04 करोड़ मतदाता सूची से कम हो गए हैं, जिसे लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार एक बूथ पर औसतन 900 से 1200 मतदाता होते हैं। ऐसे में यदि एक कार्यकर्ता 100 घरों तक भी पहुंचता है, तो बड़ी संख्या में छूटे हुए या गलत प्रविष्टियों वाले मतदाताओं की पहचान संभव है। सपा ने प्रदेश के 1.62 लाख बूथों में से 1.60 लाख बूथों पर अपने बीएलए तैनात कर दिए हैं। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, संभावित प्रत्याशियों और पूर्व सांसदों-विधायकों को भी मैदान में उतारा जाएगा।

# संघीय ढांचे को कमजोर करने का प्रयास था नारी शक्ति संशोधन बिल: अजय राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संसद में नारी शक्ति अधिनियम संशोधन बिल के गिरने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताया है।



अजय राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने देश की आधी आबादी को ढाल बनाकर परिसीमन लागू करने की कोशिश की, जो लोकतंत्र, संविधान और संघीय ढांचे को कमजोर करने का प्रयास था। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन ने इस रणनीति को समय रहते समझ लिया, जिसके चलते संविधान संशोधन बिल संसद में गिर गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी-शाह अपनी राजनीतिक छवि चमकाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने पर उतारू थे, लेकिन उनकी यह कोशिश विफल हो गई। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार देश से माफी मांगे, क्योंकि महिला आरक्षण बिल को तीन साल पहले सर्वसम्मति से पारित होने के बावजूद विवादित बना दिया गया। अजय राय ने यह भी आरोप लगाया कि 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अब तक कानून के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया, जबकि इस दौरान लोकसभा चुनाव भी संपन्न हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं और यह जनता को गुमराह करने जैसा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि भाजपा को 400 सीटें मिल जातीं, तो महिला आरक्षण को लागू नहीं किया जाता।

# शारदा रोड पर कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, कई प्रतिष्ठान आए चपेट में






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शारदा रोड स्थित अग्रवाल कॉम्प्लैक्स में शनिवार को कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आग आसपास की दुकानों तक फैल गई जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

शारदा रोड स्थित अग्रवाल कॉम्प्लेक्स में स्थित गायत्री ट्रेडर्स नाम की कपड़े की दुकान में सबसे पहले आग लगी। कुछ ही देर में आग पास की दुकानों तक फैल गई। बताया जा रहा है कि बंसल कॉस्मेटिक की दुकान भी आग की चपेट में आ गई जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की खबर मिलते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानों को बंद कर दिया और मौके से दूर हट गए। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई।

## घंटों की मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने बुझाई आग

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और नुकसान का भी आंकलन किया जा रहा है।

# सुभारती विवि में नारी शक्ति पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम के अंतर्गत 'नारी शक्ति' विषय पर भव्य कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह पहल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख योजना के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की शक्ति, सहनशीलता और योगदान का सम्मान करना था। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से संकाय सदस्यों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, पदाधिकारियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी मौलिक रचनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के विविध पहलुओं शक्ति, गरिमा, समानता, संघर्ष और उपलब्धि को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस आयोजन ने रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को एक मंच पर लाकर एक जीवंत वातावरण का निर्माण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज की वास्तविक ऊर्जा है। जब महिलाओं को अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है, तो वह न केवल अपनी पहचान बनाती हैं बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देती हैं। ऐसे आयोजन जागरूकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने नारी शक्ति को समर्पित अपनी कविता सुनाकर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी। इस आयोजन का सफल समन्वयन महिला सशक्तिकरण समिति की सचिव डॉ. मंजू अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन गतिविधि प्रभारी एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राखी कुमारी द्वारा किया गया, जिससे आयोजन सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में समावेशिता और विचारशील सहभागिता का वातावरण देखने को मिला। प्रतियोगिता में डॉ. सारिका, डॉ. निशा राणा, डॉ. निशा सिंह, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. रफत खानम, सुश्री दीपिका चौधरी, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अभिलाषा गर्ग, काम्या शर्मा, दीपांशु एवं अंशु ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे डॉ. मंजू अधिकारी ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज के मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण के व्यापक दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक पहल है, इसके द्वारा हम नारी की मनोदशा और उसके भावों को कविता के रूप में अभिव्यक्त कर सके हैं। इस दौरान विभिन्न संकायों के विद्यार्थी एवं शिक्षकों की भी उपस्थिती रही।

# तहसील सदर में कैंट विधायक व जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जन समस्याएं

- **अधिकारियों को प्राप्त शिकायत का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को तहसील सदर में विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल व जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विधायक व जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 38 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराई जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 38 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट दीक्षा जोशी, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, आमजन तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर मारपीट और कपड़े फाड़े, दो सगे भाई नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां खेत में काम कर रही एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके कपड़े तक फाड़ दिए। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। पीड़ित पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार दोपहर उसकी 16 वर्षीय बेटी खेत में काम कर रही थी। तभी गांव के रिहान व जावेद पुत्र जाकिर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। बेटी ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौच और जातिसूचक शब्द कहते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। बेटी के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामींणों को आते देख आरोपी बाद में भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इंस्पेक्टर सुबोध सक्सेना का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अवैध निर्माणाधीन गोदाम की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत, दो घायल





मृतक का फाइल फोटो व मौके पर गिरी हुई अवैध निर्माणाधीन गोदाम की दीवार।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहिया नगर क्षेत्र के एक कॉलोनी में अवैध निर्माणधीन गोदाम में दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं जिसमें गोदाम मालिक व एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। थाना लोहिया नगर क्षेत्र के बाजोट गांव के स्थित हाजी अनवर अहमद के एक दौ सौ गज के प्लॉट में दस फीट ऊंची दीवार का अवैध निर्माण चल रहा था, जो अचानक ढह गई। दीवार गिरने से तीन लोग जिसमें दो मजदूर और एक निर्माण मलिक मलबे में दब गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को मलबे से निकालकर संतोष हॉस्पिटल भेजा। इलाज के दौरान मजरूफ पुत्र उम्मेद की मौत हो गई। घायल मजदूरों रिहान और उम्मेद का हापुड़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और निर्माण कार्य से जुड़े प्लॉट मालिक हाजी अनवर की तलाश कर रही है। वहीं स्थानीय लोगों को कहना है कि क्षेत्र में कारखाने व फैक्ट्री का अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर थाना लोहिया नगर पुलिस पहुंच गई। और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 10 मई क्रांति दिवस पर आयोजित होने वाले सम्मेलन की तैयारी में जुटे गुर्जर समाज के नेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को गुर्जर भवन बिजली बंबा बाईपास, जुर्रानपुर मेरठ संयुक्त गुर्जर परिसंघ की व्यवस्थापक समिति द्वारा आगामी 10 मई (क्रांति दिवस) पर आयोजित होने वाले गुर्जर जनजागृति सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गुर्जर भवन में हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी नेपाल सिंह कसाना द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज के आत्ममंथन, एकता और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉकों के ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, हापुड़ जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष, अनेक ग्राम प्रधान, अधिवक्ता, प्रोफेसर एवं समाजसेवियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ठोस सुझाव दिए। इस अवसर पर वक्ताओं ने विशेष रूप से समाज के वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता पर बल दिया तथा यह विश्वास व्यक्त किया कि आगामी गुर्जर जनजागृति सम्मेलन समाज में नई जागरूकता, एकजुटता और दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि 10 मई को आयोजित यह सम्मेलन समाज के इतिहास में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

## संसद में महिला आरक्षण बिल न पास कर दिखा इंडिया गठबंधन का असली चेहरा: मनिंदर पाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को संसद में केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल न पास होने से सत्ता पक्ष के लोगों ने गुस्सा जाहिर किया है। वहीं सिवाल खास के पूर्व प्रत्याशी व भाजपा के वरिष्ठ नेता मनिंदर पाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन का असली चेहरा सामने आ गया है कि महिलाओं के प्रति उनका क्या रवैया है यह सबने देखा। हम महिलाओं को उनका हक दिलाकर रहेंगे और भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा महिलाओं का ध्यान रखा गया है, अत्याचार भी कम है। अन्य सरकारों में अगर देखा जाए तो महिलाओं को हमेशा अत्याचार का सामना करना पड़ता है। आने वाले 2027 के चुनाव में महिलाएं इंडिया गठबंधन को उसका जवाब देगी वहीं भाजपा सरकार महिलाओं को उनका हक दिलाकर रहेगी।

## महिलाओं को उनका हक दिलाकर रहेगी भाजपा: नरेंद्र गुर्जर

- **भाजपा नेता ने कहा महिलाओं की आवाज उठाती रहेगी भाजपा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** महिला आरक्षण बिल से जुड़े संविधान के संशोधन बिल को लेकर विपक्ष ने उसे पास नहीं होने दिया है जिसके चलते विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है जिसको लेकर सत्ता पक्ष के लोग काफी नाराज है। नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को अधिकार दिलाने की जो लड़ाई लड़ी उसे विपक्ष ने कमजोर किया। नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि इंडिया गठबंधन यह न समझे कि यह बिल पास नहीं होगा महिलाओं की आवाज हमेशा भाजपा उठाती रहेगी और 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और हम महिलाओं को उनका अधिकार दिलाते रहेंगे।

# नारी शक्ति वंदन से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना: डॉ. शल्या राज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 21वीं सदी में नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं युवा विजनरी डॉ. शल्या राज ने कहा कि नारी शक्ति का वंदन ही विकसित भारत के सपने को साकार करने का सबसे मजबूत माध्यम है। वह 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में अध्यक्षता कर रही थीं। यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया।

अपने प्रभावशाली संबोधन में डॉ. शल्या राज ने कहा कि यह अधि. नियम देश की माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं को ऐसे कानूनों की आवश्यकता है जो उन्हें आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर पूर्ण सुरक्षा प्रदान करें। नारी सम्मान और समान अवसर ही एक सशक्त राष्ट्र की पहचान है, और यही विक. सित भारत के निर्माण का मूल मंत्र भी है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां एक ओर पुरुष की सफलता के पीछे महिला का योगदान माना जाता है, वहीं किसी महिला के नेतृत्वकर्ता बनकर आगे बढ़ने में भी पुरुषों की सकारात्मक भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यह समन्वय ही समाज को संतुलित और प्रगतिशील बनाता है। डॉ. शल्या राज ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधि. नियम' प्रस्तुत करना देश की महिलाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की अवधारणा को साकार करते हुए आज नारी शक्ति न केवल विकास की सहभागी बन रही है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में नेतृत्वकर्ता की भूमिका भी निभा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री महिला कल्याण. बाल विकास एवं पुष्टाहार डॉ. प्रतिभा शुक्ला उपस्थित रहीं। उनके साथ स्थानीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, विधायक अमित अग्रवाल तथा मेरठ नगर निगम के महापौर हरिकांत अहलूवालिया, सतेंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय भाजपा पश्चिम क्षेत्र, अभियान संयोजक बीना बाधवा, कार्यक्रम संयोजक पंकज कतीरा, बीजेपी जिला अध्यक्ष विवेक रस्तोगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान स्वामी विवे. कानंद सुभारती विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के शिक्षक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय के द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं संवेदीकरण से जुड़े हुए कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किए जाते हैं।

ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मेरठ में आयोजित यह संगोष्ठी महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सहभागिता को लेकर व्यापक संवाद का सशक्त मंच बनी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।



# सीसीएस में हुआ पढ़े विश्वविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश जन भवन के निर्देशानुसार साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद तथा राजा महेंद्र प्रताप पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में 'नारी शक्ति वंदन' श्रृंखला के अंतर्गत पुस्तकालय प्रांगण में 'पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में गूगल और विकिपीडिया जैसे डिजिटल माध्यमों से हमें त्वरित सूचना तो प्राप्त हो जाती है, किंतु वास्तविक ज्ञान, गहराई और चिंतनशील दृष्टि केवल पुस्तकों के अध्ययन से ही विकसित होती है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें न केवल जानकारी का स्रोत हैं, बल्कि वे व्यक्ति के व्यक्तित्व, मूल्यबोध और आलोचनात्मक सोच को भी परिपक्व बनाती हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे डिजिटल साधनों का उपयोग करें, लेकिन पुस्तकों से जुड़ाव बनाए रखें, क्योंकि यही उनके बौद्धिक विकास का सशक्त आधार है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जमाल अहमद सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चौटजीपीटी और गूगल जैसी तकनीकों का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, जिससे ज्ञान अर्जन के तरीके बदल रहे हैं। इसके बावजूद पुस्तकों का महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना एक सदी पहले था। उन्होंने कहा कि तकनीक हमें सुविधा और गति देती है, लेकिन पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान हमें गहराई, संवेदनशीलता और विवेक प्रदान करता है। पुस्तकें ही वह माध्यम हैं जो समाज और संस्कृति के स्थायी मूल्यों को संरक्षित करती हैं। कार्यक्रम में रमाकांत, संजीव कुमार शर्मा, गुलाब सिंह रूहाल, निधि चौधरी, श्वेता शर्मा, देवेंद्र कुमार, बाबू राम, सुमन लता, विजय लक्ष्मी एवं दीपक शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बी.एड.के बाद करियर की नई दिशाएं विषय पर एल्यूमनी टॉक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में एल्यूमनी टॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विभाग की पूर्व छात्रा दीप्ति थीं जिन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय से एम.एड. की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वे बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा उत्तीर्ण कर पटना में विज्ञान विषय की टीजीटी अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा संकाय के सेमिनार हॉल में हाइब्रिड माध्यम से किया गया। व्याख्यान का विषय था 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बी.एड. के उपरांत करियर के अवसर'। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालिका आरती द्वारा स्वागत संबोधन एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ की गई। इसके उपरांत विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ.) अनोज राज ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग एवं ललित कला संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया तथा ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।



मुख्य व्याख्यान सत्र में दीप्ति ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में प्राप्त ज्ञान एवं प्रशिक्षण उनके वर्तमान करियर में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ है। उन्होंने यह बताया कि शिक्षण एक ऐसा क्षेत्र है जो व्यक्ति को समाज में सर्वोच्च सम्मान दिलाता है तथा इस में वेतन भी अत्यंत आकर्षक होता है इसलिए इस क्षेत्र में अपार अवसर उपलब्ध हैं, आवश्यकता केवल स्वयं को इस योग्य बनाने की है कि हम न केवल इस क्षेत्र में प्रतिष्ठा अर्जित करें, बल्कि आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ बन सकें। साथ ही उन्होंने बी.एड. के पश्चात उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों जैसे सरकारी सेवाएं, निजी संस्थानों में अवसर तथा कोचिंग संस्थान स्थापित करने के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। व्याख्यान के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. रूबी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# ट्रैक्टर निकालने को विवाद, दो युवकों पर किया हमला

## तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** भूसे से भरा ट्रैक्टर खेत से निकालने को लेकर हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोपियों ने किसान के बेटों को खेत में ही दौड़ाकर पीटा। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर दूसरे खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंच गए। जिनके विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस मामले में पुलिस ने आरोपी किसान व दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर इम्मा की है। यहां रहने वाले किसान तीर्थराम द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनकी गांव निवासी धर्मवीर सिंह के साझे में 6.5 बीघा जमीन है। जिसमें आने-जाने का रास्ता 12 फीट का है। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर धर्मवीर सिंह और उसके बेटे रामवीर और मनवीर रास्ता को छोड़ उनके खेत में से भूसे से भरा ट्रैक्टर निकालने लगे। खेत में मौजूद तीर्थराम के बेटे कामेंद्र व रवि ने इसका विरोध किया तो तीनों ने हमला कर दिया। दोनों बेटों को खेत में दौड़ाकर पीटा, जो गंभीर घायल हो गए। आरोप है कि जान से मारने की धमकी देते हुए खेत से भागे आरोपियों ने बाद में घर में घुसकर भी मारपीट की। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में पीड़ित पक्ष से तीर्थराम की तहरीर पर धर्मवीर व उसके बेटे रामवीर व मनवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों का जल्द ही चालान किया जाएगा।

# अम्बेडकर पार्क की जमीन में हेरा फेरी का आरोप

## सीडीओ से लगायी न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जैथल मुस्तकम के अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क की जमीन को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गाटा संख्या 383 में वर्ष 1998 से अंबेडकर पार्क बना हुआ था, जो समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन चकबंदी के दौरान इसमें गड़बड़ी कर दी गई।

ग्रामीणों के मुताबिक नक्शा 45 में यह जमीन साफ तौर पर पार्क और सार्वजनिक उपयोग के रूप में दर्ज है, इसके बावजूद वर्ष 2000 में इसे कथित तौर पर षड्यंत्र के तहत गाटा संख्या 343 में बदल दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गाटा 343 पूरी तरह अनुपयुक्त जगह है, जहां न तो एससी समाज के लोग रहते हैं और न ही आसपास उनकी आबादी है। इसके अलावा वहां पास में कब्रिस्तान होने और जमीन ऊंची-नीची होने के कारण भी यह स्थान सही नहीं माना जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2014 में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) हसनपुर द्वारा कराई गई जांच में भी गाटा संख्या 383 को ही पार्क के लिए उपयुक्त बताया गया था। इसके बाद 6 नवंबर 2023 को संबंधित पक्षों के बीच समझौता हुआ, जिसमें गाटा 383 की एक बीघा जमीन वापस



देने की बात कही गई थी। इसी आधार पर वहां डॉ. अंबेडकर की मूर्ति भी स्थापित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि अब उस मूर्ति को अपमानजनक तरीके से हटाकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे समाज में भारी रोष है। इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर सीडीओ और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और जल्द कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन पर नरोत्तम सिंह, जिला पंचायत सदस्य मनीराम मौर्य सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर अंबेडकर पार्क की जमीन को पुन: बहाल करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## बेटा न होने पर विवाहिता पर जुल्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर बेटा न होने के कारण प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी को छह साल हो चुके हैं और उसकी दो छोटी बेटियां हैं, जिसके चलते उसे लगातार ताने दिए जाते हैं और घर से निकालने की धमकी दी जाती है। महिला का आरोप है कि 17 अप्रैल को उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही पति की दूसरी शादी कराने की कोशिश भी की जा रही है। पीड़िता ने अपने बच्चों के साथ सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## खेत की जुताई को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** खेत की जुताई को लेकर विवाद में नौबत मारपीट तक पहुंच गई। शिकायत पर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी सावित्री पत्नी महावीर ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि 16 अप्रैल 2026 की सुबह जब उनके पति महावीर पशुओं के लिए हरा चारा लेने खेत पर गए, तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोग उनकी भूमि पर जबरन जुताई कर रहे थे। पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोप है कि उक्त लोग लाठी-डंडे लेकर उनके घर पहुंच गए और उनके साथ मारपीट की। सावित्री ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हाईटेंशन तार टूटने से दो भैंसों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव निरयाबली खादर में शनिवार सुबह करीब 9 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। किसान राजबहादुर के घर के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर नीचे गिर गई। तार गिरते ही क्षेत्र में करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आकर नीचे बंधी एक भैंस और एक पड़िया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तार पहले सपोर्ट पर गिरा और फिर अर्थिंग के संपर्क में आते ही तेज करंट दौड़ गया। घटना इतनी अचानक हुई कि पशुओं को बचाने का कोई मौका नहीं मिल सका। मृत पशुओं की कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है, जो किसान परिवार के लिए बड़ा नुकसान है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। किसान की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गैस सिलेंडर की किल्लत पर लोगों ने जतायी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें गांव-देहात से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा ने की। वहीं, एसडीएम शैलेश कुमार दुबे के कार्यभार संभालने के बाद यह उनका पहला समाधान दिवस रहा। समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन मौके पर सिर्फ 3 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। बाकी 41 शिकायतों को संबंधित विभागों के पास भेज दिया गया। लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस मौके पर तहसीलदार मूसराम थारू, नायब तहसीलदार योगेश कुमार, राजपाल सिंह, कानूनगो मनोज कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



गजरौला। भगवान परशुराम शोभायात्रा का शुभारंभ करते अतिथि एवं पदाधिकारी।

# धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

## सुन्दर झांकियो ने लोगों का मन मोहा, शहर को भी सजाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में गाजे बजे के साथ भव्य रूप में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जीवन से जुड़ी झांकियों को कलाकारों ने बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया।

शनिवार की शाम को नगर के माँ ललिता देवी मंदिर से पूजा अर्चना के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने ब्राह्मण सभा पदाधिकारियों के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। शोभायात्रा में

**कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके किया स्वागत**

भगवान परशुराम की अलग अलग प्रसंग को प्रस्तुत कर रहीं कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। साथ में चल रहे बैंड बाजे से भगवान परशुराम के जीवन की महत्ता को प्रकट करने वाले भजनों के स्वर गूंजते रहे। मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर शोभायात्रा पुराना डाकखाना, अवन्तिकानगर, इंदिरा चौक, डिग्री कॉलेज मार्ग, खादगूजर तिराहे पर पहुंचकर शिव इंटर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया, साथ ही यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पानी, छाछ, शीतल पेय भी पिलाया गया। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष डॉ. रविभूषण शर्मा , पूर्व चेयरमैन रोहताश शर्मा, डॉ.प्रदीप शर्मा, महामंत्री रोहित शर्मा, डॉ.राजीव शुक्ल, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, विपिन कौशिक, शुभम उपाध्याय, अश्वनी शर्मा, विपिन सागर, देवराज शर्मा, समीर प्रभाकर, प्रमोद उपाध्याय, खेमराज शर्मा, योगेश प्रभाकर, विपिन शर्मा, देवेश शर्मा, लो. केश शर्मा, उत्तम शर्मा, संतोष शर्मा, दीपक शर्मा, वीके शर्मा, प्रमोद तिवारी, सार्थक शर्मा, मुकेश शर्मा, निगम वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के द्रष्टिगत शोभायात्रा के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## मौहम्मद नदीम को मिली पीएचडी की उपाधि

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ग्राम नीली खेड़ी निवासी किसान परिवार के बेटे डॉ. मो. नदीम ने फार्माकोलॉजी में पीएचडी हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 16 अप्रैल को जामिया हमदर्द के दीक्षांत समारोह में उन्हें उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद में रहते हुए पूरा किया, जबकि उनके शोध पत्र अमेरिकन कैमिकल सोसाइटी में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. नदीम की सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और दोस्तों को दिया।

# मैसेज वायरल करके मजदूरों को भड़काने की थी योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूरों को आंदोलन करने के लिए उकसाने के लिए सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल करने वाले आठ लोगों के विरुद्ध थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की योजना मजदूरों को भड़काकर फैक्ट्रियों के सामने आंदोलन कराने की थी।

बता दें कि अभी नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर मजदूरों ने धरना प्रदर्शन किया था। नोएडा की तरह गजरौला में भी एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां पर भी छोटी-बड़ी दर्जनों फैक्ट्रियां स्थित हैं, जिनमें हजारों मजदूर काम करते हैं। नोएडा की तरह यहां पर मजदूरों का कोई आंदोलन न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन कई दिन से सतर्कता बरत रहा था। इसी बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक संदेश प्रसारित हुआ, जिसमें लिखा था कि वेतन वृद्धि मांग को लेकर हम सब मजदूरों को एकजुट होकर फैक्ट्रियों पर प्रदर्शन करना है। इस मैसेज के वायरल होने के बाद पुलिस ने

**पुलिस ने आठ आरोपियों के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा, सोशल मीडिया पर वायरल किए थे मैसेज**

औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी थी, उधर एसपी पुलिस अधीक्षक लाखन सिंह यादव के निर्देश पर पुलिस द्वारा हसनपुर सीओ के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी निकाला गया था। वहीं मजदूरों को उकसाने के लिए प्रसारित किए गए मैसेज भेजने वालों की जानकारी करने में भी पुलिस जुट गई थी। इस मामले में चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार तोमर ने नगर के मौहल्ला सुल्ताननगर निवासी मोहित त्यागी, हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी गौतम सिंह, नगर के मौहल्ला धुनपुरी निवासी अंकुश, थाना क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी अरमान, नगर के कालरा स्टेट कॉलोनी निवासी सचिन, नगर के मौहल्ला अंबेडकर निवासी शिवम व मनीष और थाना रजबपुर के गांव सलारपुर निवासी गगन शर्मा के विरुद्ध संबधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## महिला को पति व सास-ससुर ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट करके जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव नगलिया मेव निवासी रीनू देवी का आरोप है कि उसके पति राजीव, ससुर अमर सिंह व सास सुनीता ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विनय को इलाहाबाद हाईकोर्ट समिति ने किया सम्मानित



## जीएसटी कमिश्नर के पद पर हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** जीएसटी कमिश्नर के पद पर चयनित होने वाले विनय कुमार सैनी का इलाहाबाद हाई कोर्ट समिति द्वारा सम्मानित किया गया है। नगर के मोहल्ला काला शहीद पूठ रोड निवासी विनय कुमार सैनी पुत्र विजयपाल सैनी का चयन जीएसटी कमिश्नर के पद पर हुआ हैं। विनय कुमार सैनी ने 2024 25 में यूपीपीसीएस परीक्षा पास की थी उसके बाद उनका जीएसटी कमिश्नर के पद पर चयन हुआ था। विनय कुमार सैनी 2020 से इलाहाबाद हाई कोर्ट में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्य कर रहे हैं। विनय कुमार सैनी ने इंटर तक की परीक्षा हसनपुर के सरस्वती विद्या मंदिर से प्राप्त की थी। उसके बाद उन्होंने बीटेक कंप्यूटर साइंस रायबरेली से किया था। विनय कुमार सैनी को इलाहाबाद हाईकोर्ट समिति द्वारा सम्मानित किये जाने पर परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है।

# अम्बेडकर पर आपत्तिजनक स्टेटस से गांव में तनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव मरौरा में सोशल मीडिया पर डाले गए एक आपत्तिजनक स्टेटस को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में हल्का तनाव व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, मरौरा निवासी छोटू जाटव ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि गांव के ही एक युवक ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर से जुड़ा आपत्तिजनक वीडियो साझा किया। इससे उसकी और समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है, साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका भी जताई गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि संबंधित स्टेटस के स्क्रीनशॉट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य उसके पास सुरक्षित हैं, जिन्हें वह जांच के दौरान पुलिस को उपलब्ध कराएगा। पुलिस ने आरोपों के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# तेज आंधी से रात भर बिजली रही गुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शुक्रवार की रात में आई तेज आंधी से शहर में कई जगह पेड़ गिरने की वजह से बिजली के तार टूट गए। इसके कारण आधे से ज्यादा शहर की बिजली गुल हो गई। बिजली न होने के कारण शनिवार सुबह के समय पानी सप्लाई भी शुरू नहीं हो पाई। लोगों के घरों में लगे मोटर भी नहीं चल पाए। करीब 12 घंटे बाद विद्युत सप्लाई शुरू हुई तब लोगों ने राहत की सांस ली।



आंधी ने जिले में विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर दिया। शहर में कई जगह पेड़ गिर गए। इससे कई खंभे व तार टूट गए। शनिवार की सुबह में विद्युत कर्मचारी लाइन को ठीक करने में जुटे गए। दोपहर 12 बजे तक आधे शहर की सप्लाई शुरू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। शहर में कलक्ट्रेट बिजलीघर से जुड़े जोया रोड पर हाईटेंशन लाइन पर पेड़ों की टहनियां गिरने से सप्लाई ठप रही तो वहीं हाशमी नगर में दो विद्युत पोल गिर गए और शहर के लिए आने वाली लाइन के तार भी टूट गए। शहर के सभी विद्युत केंद्रों पर ऐसी समस्या बनी रही है। जिसके कारण बिजली के लिए उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। शुक्रवार रात आई आंधी व हल्की बूंदाबांदी में सड़क किनारे जगह-जगह पेड़ गिर गए। इसके बाद से ही विद्युत लाइन खराब होने से विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई। लाइन खराब होने से सुबोधनगर, बदावला और पुष्करनगर, सराय कोहना, जामा मस्जिद आदि मोहल्लों में लोगों को भीषण गर्मी के बीच भारी परेशानी झेलनी पड़ी। दो दर्जन से अधिक गांवों में अंधेरा छा गया है।

# जंग का अखाड़ा बना बागपत का राष्ट्रीय वंदना चौक

## विहिप कार्यकर्ताओं ने पुतला छिन्ने के विरोध में हाईवे जाम कर किया हंगामा, पुलिस से भिड़े कार्यकर्ता











**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शनिवार को राष्ट्र वंदना चौक पर विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एक सिपाही ने सिविल वर्दी में पुतला छीनने का प्रयास किया, जिसे लेकर वहां हंगामा हो गया। विहिप के कार्यकर्ता पुलिस के साथ भिड़ गए और दक्का मुक्की होते-होते मारपीट होनी शुरू हो गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारबाजे कर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, पुलिस प्रशासन हायन-हाय के नारे भी लगाए और दिल्ली- सहारनपुर हाईवे को जाम कर दिया। इस दौरान हाईवे पर चारों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और सीओ ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, मगर वह सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे और सड़क पर ही सभी कार्यकर्ता बैठे रहे।

शनिवार को राष्ट्र वंदना चौक पर विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के कार्यकर्ता लव जिहाद और लैंड जिहाद का पुतला फूंकने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एक सिपाही वहां सिविल वर्दी में पहुंचा और उनसे पूतला छीनने का प्रयास किया, जिसे लेकर वहां हंगामा हो गया। इस दौरान विहिप के कार्यकर्ता बागपत के एक सिपाही के साथ भिड़ गए। इस दौरान उनके बीच मारपीट भी हुई। विहिप कार्यकर्ताओं ने सिपाही के कपड़े फाड़ दिए और पुलिस के साथ भी हाथापाई भी की। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के सामने भी उन्होंने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, मगर वह नहीं माने। सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ विजय चौधरी ने कार्यकर्ताओं की बात सुनकर उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के कार्यकर्ता शांत हुए। इस मामले में कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आंधी तूफान से सड़क पर टूट कर गिरा पेड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के सराय रोड स्थित सराय मोड पर जाने वाली सड़क पर इंडियन गैश एजेंसी के पास आई जबरदस्त आंधी तूफान से टूट कर एक पेड़ गिर गया जिसमें वन विभाग के अधिकारियों को तुरंत संज्ञान लेने के लिए जनता ने आवाहन किया है और इसे हटाने के लिए भी फोन किए गए हैं आने-जाने वाले मुसाफिरों एवं किसान मजदूर संगठन के युवा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने वन विभाग के अधिकारी को फोन करके बताया कि अगर समय रहते इस पेड़ को रास्ते से नहीं हटाया गया तो यहां कोई भी अप्रिय घटना रात में हो सकती है क्योंकि रात में आने जाने वाले वाहन इस रोड से काफी संख्या में गुजरते है। रात के अंधेरे में कोई भी वहां मंदी लाइट में आपस में टकरा सकता है। वन विभाग ने उसे तुरंत यहां से हटाया।

## एसपी ने किया बडौत नगर के मंडी चौकी प्रभारी को निलंबित

**■ ड्यूटी में लापरवाही बरतने और अभद्र व्यवहार की शिकायत पर की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर की मंडी चौकी दरोगा ऋषिभान को निलंबित कर दिया गया है। उन पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने और खराब व्यवहार की शिकायतें थी शुरुआती जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने यह कार्रवाई की दरोगा ऋषिभान पर आरोप था कि वह ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही बरतते थे और शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर देते थे उनके व्यवहार से जुड़ी शिकायतों की एक लंबी सूची थी जांच रिपोर्ट आने के बाद शुक्रवार शाम एसपी सूरज कुमार राय ने दरा. गा ऋषिभान को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए है और इससे दस दिन पहले मंडी चौकी प्रभारी पंकज कुमार को निलंबित कर दिया था दोनों दरोगाओं की काफी दिनों से शिकायतें हो रही थी ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही और व्यवहार से जुड़ी शिकायतें हो रही थी मंडी चौकी प्रभारी पंकज कुमार को निलंबित करने के बाद दरोगा आनंद कुमार शर्मा को मंडी चौकी प्रभारी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया था। सीओ अंशु जैन ने बताया कि कार्य में लाप. रवाही और व्यवहार से जुड़ी शिकायतो को लेकर लंबी सूची है और विभागीय जांच के आदेश पर कार्रवाई की गई एसपी सूरज कुमार राय ने चार्ज संभालने के बाद स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेंगे और उन्होंने खाकी का मजाक बनाने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनता वैदिक कॉलेज में विश्व धरोहर दिवस सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में विश्व धरोहर दिवस सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अस्मिता लाल ज़िलाधिकारी ने कहा कि विरासत स्थल हमारी सांस्कृतिक, ऐतिहा. सिक एवं प्राकृतिक विरासत के प्रतीक हैं, जिनका संरक्षण सम्पूर्ण मानव समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त ये स्थल अपने असाधारण सार्वभौमिक मूल्य के कारण वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण माने जाते हैं। सन् 1972 में पारित विश्व धरोहर अभिसमय के अंतर्गत विभिन्न देशों को अपने-अपने महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान कर उन्हें संरक्षित करने का दायित्व सौंपा गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में विश्व भर में अनेक सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं मिश्रित धरोहर स्थल सूचीबद्ध हैं।

भारत, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और प्राकृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है। डा. गीता रानी सांस्कृतिक समिति की संयोजिका ने कहा कि विश्व धरोहर स्थलों की सूची में प्रमुख स्थान रखता है। ताजमहल, कुतुब मीनार, अजंता-एलोरा गुफाएँ एवं सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल न केवल देश की पहचान हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का भी प्रमुख आकर्षण हैं। हालांकि, बढ़ते शहरीकरण, प्रदूषण एवं अत्यधिक पर्यटन के कारण इन धरोहर स्थलों के संरक्षण में अनेक चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो इन अमूल्य धरोहरों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। अत: आवश्यक है कि सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं आम नागरिक मिलकर इन स्थलों के संरक्षण हेतु जागरूकता बढ़ाएँ और ठोस प्रयास करें, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ भी इस अनमोल विरासत का लाभ उठा सकें। जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत विरासत का प्रतीक है, जो कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामा. जिक विरासत को बढ़ावा दिया जाता है। कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत, हथकरघा वर्कशॉप, मिट्टी के बर्तन, पत्थरों की नक्काशी आदि वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर स्मिथ,डा. नीलम राणा, डा. शिवपाल, डा. तारकेश्वर नाथ तिवारी, डा.प्रशांत, मिश्रा, वनेला, खिलत, अंविता, चाँदनी, दर्शिनी आदि उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों ने रखी अपनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर तहस. ीलदार स्वेताभ सिंह ने जनता शि. विर लगाकर जनता की शिकायत सुनी जिसमें अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने अपने शिविर लगाकर राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड आभा कार्ड परिवार नियोजन चिकित्सा शिविर जमीनी विवाद मधुमक्खी पालन जैसे अनेक प्रकार के शिविर लगाए जिसमें लोगों ने शिविरों में पहुंचकर अपने-अपने रजिस्ट्रेशन करने का कार्य किया। संपूर्ण समाधान दिवस पर 48 शिकायत दर्ज की गई जिसमें किसी भी शिकायत का कोई भी निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया। संपूर्ण समाधान दिवस पर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी सभी थाना प्रभारी लेखपाल कानूनगो वन विभाग के अधिकारी पीडब्ल्यूडी सिंचाई विभागो के अधिकारी कर्मचारी संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद रहे।

### एक नजर

## समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी जनसमस्याएं, 11 में से कुल 2 शिकायत का निस्तारित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 9 के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान फरियादी अपनी समस्याएं लेकर तहसील पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी विनय उपाध्याय ने की। उप जिलाधिकारी मनीष यादव, तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव, नायब तहस. ीलदार अतुल रघुवंशी और क्षेत्रधिकारी खेकड़ा रोहन चौरसिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। प्राप्त सभी 11 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिन 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ, उनसे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। शेष 9 शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेने और तय समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सार्वजनिक रास्ते के बीच गाड़ दिया खंभा, शिकायत पर एसडीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील में एक सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। खेकड़ा निवासी आयुष जैन ने तहसील में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके घर के बाहर स्थित सरकारी खड़ंजा मार्ग को लोहे का खंभा लगाकर बाधित कर दिया गया है। शिकायत के अनुसार, यह मार्ग लगभग 13 फीट चौड़ा है और स्थानीय निवासियों के आवागमन का मुख्य रास्ता है। पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने इस मार्ग के बीचों-बीच अवैध रूप से लोहे का खंभा लगा दिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त व्यकित इस खंभे में ताला लगाकर रास्ता बंद रखता है। वह केवल अपने सामान के आवागमन के समय ही ताला खोलता है और तुरंत उसे फिर से बंद कर देता है। इससे आयुष को गली में सामान लाने और ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने फूंका लव जेहादियों का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर लव जिहाद के खिलाफ नारेबा. जी करते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने लव जेहादियों का पुतला फुंका। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए संगठन के कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे।

उन्होंने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को सौपा। ज्ञापन में कहा कि देश में बढ़ रही विक्रत मानसिकता अवैध कब्ज एवं सुनियोजित षडयंत्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग करते हुए लव स्टोरी कर रहे जिहादियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। नितिन गोस्वामी ने कहा कि हाल ही में नासिक टीसीएस जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के आसपास उजागर हुए प्रकरण पर रोक लगाई जाए। उन्होंने हिंदू कन्याओं का शारी. रिक शोषण पर रोक लगाने की भी मांग की। उत्तर प्रदेश के जिहादी छगुर उर्फ जमालुद्दीन और उसकी होगी महिला नसरीन ने हिंदू कन्याओं का शारीरिक शोषण कर ब्लैकमेल और जबरन धर्मांतरण करवाया है, इसके खिलाफ अगर कार्यवाही नहीं हुई तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सड़कों पर आंदोलन करता रहेगा। इस मौके पर उन्होंने दिल्ली बस स्टैंड पर नारेबा. जी करते हुए आधा घंटा हाईवे पर जाम लगाकर मानव श्रृंखला बनाकर जिहादियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर जितेंद्र स्वामी बली स्वामी प्रवीण कुमार गौरव कुमार अनुज कुमार तुषार रवि शास्त्री आर्य समाजी मोनू गोयल सागर कश्यप के अलावा भारी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्य करता मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन भी दिल्ली बस स्टैंड पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहा।

## कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई।

अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा कि लोकसभा मे पेश तथा कथित महिला आरक्षण संशोधन बिल को लेकर भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण का मूल कानून 2023 में ही पारित हो चुका है। भाजपा सरकार देश की जनता को भ्रमित व गुमराह करने का काम कर रही है कहा यह महिला आरक्षण विधेयक नहीं है। यह नया बिल आरक्षण लागू करने के बजाय सीटें बढ़ाने से जुड़ा था, जिसका औचित्य स्पष्ट नहीं किया गया। कांग्रेस ने सिर्फ यही सवाल उठाया कि बिना ठोस आधार के सीटें बढ़ाने की जरूरत क्या है, जबकि वर्तमान सीटों पर ही 33प्रतिशत आरक्षण लागू किया जा सकता है। भाजपा खासकर जनता, महिलाओं को गुमराह कर राजनी. तिक लाभ लेना चाहती है। कांग्रेस गलत नीतियों का विरोध करती आई है और करेगी, जबकि वास्तविक महिला सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इस अवसर पर बिजेन्द्र औमबीर डा. सुभाष सतेन्द्र पप्पू विनित पंकज औंकार दत्त आदि उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** बड़ौत मेरठ मार्ग पर बरनावा के पास शनिवार सुबह एक कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए हायर सेंटर रेुर किया गया है।

बरनावा गांव निवासी शानू पुत्र महबूब कपड़े सिलाई का कार्य करता है। वह कस्बा हर्रा से कपड़ों में काज बटन लगवाकर वापस स्कूटी से बरनावा लौट रहा था। जैसे ही वह बरनावा के पास हिंडन नदी पुल से आगे पहुंचा तो पीछे से आ रही एक कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद नीचे गिरे युवक के ऊपर से कार का पहिया उतर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद भाग रहे चालक को आसपास कार्य कर रहे लोगों ने कार सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार को भी कब्जे में ले लिया है। परिजन ने घायल को बिनौली सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से उसे मेरठ रेुर किया गया है। घायल के भाई असलम ने घटना की थाने पर तहरीर दी है।

## 9 तीर्थ यात्रियों को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए किया रवाना




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव को समर्पित पहल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करने हेतु हसोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल प्रदेशवासियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसी क्रम में आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत जनपद बागपत से चयनित 9 तीर्थ यात्रियों को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया गया। यह तीर्थयात्री लखनऊ से सोमनाथ मंदिर (गुजरात) के लिए ट्रेन से प्रस्थान करेगी और सोमनाथ मंदिर का का भ्रमण करेंगे तथा विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक जनपद से चयनित तीर्थयात्रियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन हेतु भेजा जा रहा है। जनपद से 9 तीर्थयात्री एवं एक नोडल अधिकारी इस पावन यात्र में सम्मिलित हुए हैं। सोमनाथ मंदिर भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान रखता है। यह मंदिर केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। इतिहास में अनेक आक्रमणों के बावजूद इसका बार-बार पुनर्निर्माण भारतीय समाज की अटूट श्रद्धा और दृढ़ता को दर्शाता है। सरकार की पहल एवं उद्देश्य-उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना तथा राष्ट्रीय एकता एवं गौरव की भावना को सुदृढ़ करना है। जनपद स्तर पर आयोजन-सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत जनपद बागपत के समस्त शिवालयों में भजन संध्या, कीर्तन, रुद्राभिषेक, महाआरती एवं दीपोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 19 अप्रैल को पक्का घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान एवं महाआरती का आयोजन भी प्रस्तावित है। शैक्षणिक गतिविधियां-शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यालयों में शिव पुराण पर आधारित चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं काव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी ने तीर्थयात्रियों को डायरी एवं गमछा भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा उनके लिए सौभाग्य का अवसर है और वे सकुशल यात्रा कर विभिन्न तीर्थों के दर्शन करें। यह सोमनाथ स्वाभिमान तीर्थ यात्रा 24 अप्रैल 2026 को वापस लौटेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी नितिन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ु चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर सख्ती, हापुड़ में 22 वाहनों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और नियमों की अनदेखी पर लगाम कसने के लिए यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को यातायात पुलिस कार्यालय हापुड़ में क्षेत्राधिकारी यातायात राहुल यादव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ रॉयल एनफील्ड गैराज संचालक और मैकेनिक भी शामिल हुए।

बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, यात्रीकर अधिकारी आशुतोष उपाध्याय और यातायात निरीक्षक नरेश सिंह ने गैराज संचालकों को स्पष्ट रूप से चेताया कि वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न या हूटर लगाना कानूनन अपराध है। अधिकारियों ने बताया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 182ए(3) के तहत ऐसे मामलों में वर्कशॉप या गैराज संचालकों पर प्रति उल्लंघन एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके बाद जनपद के प्रमुख चौराहों और स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 22 वाहनों के खिलाफ चालान और निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई।



साथ ही वाहन चालकों को भविष्य में ऐसे उपकरणों का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह स्वयं मौके पर मौजूद रहे और टीमों को निर्देशित किया कि जनपद में यदि कोई भी वाहन मॉडिफाइड साइलेंसर या प्रेशर हॉर्न के साथ चलता पाया जाए तो उसके खिलाफ चालान के साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों और गैराज संचालकों में हड़कंप मच गया है, वहीं प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि नियमों के उल्लंघन पर अब कोई ढील नहीं दी जाएगी।

# लापरवाही पर डीएम अभिषेक पांडेय का सख्त एक्शन, लिपिक सस्पेंड, स्टेनो का ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में प्रशासनिक लापरवाही पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। डीएम ने रायफल क्लब में तैनात लिपिक अमिता मिश्रा को कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमिता मिश्रा पर एक महिला फरियादी की फाइल को लंबे समय तक दबाए रखने का आरोप है। बताया जा रहा है कि संबंधित फाइल करीब दो महीने तक लंबित रखी गई, जबकि उस पर समय रहते कार्रवाई होनी थी। इतना ही नहीं, जांच में यह भी सामने आया कि अन्य कई फाइलें भी अनावश्यक रूप से लंबित रखी गई थीं। बताया जाता है कि महिला फरियादी के बिजली बिल से संबंधित मामले में रायफल क्लब के माध्यम से सहायता की जानी थी, लेकिन लिपिक द्वारा फाइल को आगे न बढ़ाए जाने से फरियादी को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामला जिलाधिकारी तक पहुंचने पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की। डीएम ने स्पष्ट किया कि शासन के आदेशों की अनदेखी और जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि जनहित से जुड़े कार्यों में देरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के स्टेनो सुनील पर भी कार्रवाई करते हुए उनका स्थानांतरण सिम्भावली ब्लॉक कर दिया गया है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक अमले में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है और कर्मचारियों में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संदेश गया है।



# गढ़मुक्तेश्वर में लगा समाधान दरबार, सीओ स्तुति सिंह ने दिए कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील गढ़मुक्तेश्वर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शनिवार को जनसमस्याओं की गूंज सुनाई दी। क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर स्तुति सिंह ने मौके पर पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, बिजली-पानी की समस्याएं तथा अन्य स्थानीय मुद्दों को उठाया। सीओ स्तुति सिंह ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखें तथा शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन ने एक बार फिर जनता की समस्याओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।



# मंत्री पद का सपना दिखाकर ठगी का दावा, मामला थाने पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/सिम्भावली।** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर खुद को प्रभावशाली संपर्कों से जोड़कर उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री बनवाने का झांसा देने और लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना सिम्भावली में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार, आरोपी ने कथित रूप से पीड़ित को कुछ लोगों से मिलवाया और भरोसा दिलाया कि उसे मंत्री पद दिलाया जा सकता है। इस प्रक्रिया के नाम पर उससे करीब 3 लाख 95 हजार रुपये लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि रकम लौटाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन लंबे समय बीतने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि अब पैसा मांगने पर उसे टालमटोल किया जा रहा है और परिवार के बारे में आपत्तिजनक बातें कहकर मानसिक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही कुछ अन्य व्यक्तियों द्वारा फोन के माध्यम से धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि उसके पास पूरे प्रकरण से जुड़े साक्ष्य मौजूद हैं। मामले में पीड़ित ने पुलिस से ठगी, मानहानि और धमकी देने के आरोपों में जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# मीनाक्षी रोड पर चला बुलडोजर, अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाते हुए मीनाक्षी रोड पर व्यापक अभियान चलाया। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान बुलडोजर चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और पहले अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से दुकानों के बाहर रखे सामान, अस्थायी ढांचे और सड़क पर फैले अवैध कब्जों को हटाया गया। नगरपालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अतिक्रमण हटाने को लेकर कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन निर्देशों की अनदेखी के चलते यह सख्त कदम उठाना पड़ा। नगर पालिका के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# 100 रुपये के विवाद में पुल पर चढ़ा पति, गंगा में कूदने की कोशिश, पुलिस ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी ब्रजघाट क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया, जहां महज 100 रुपये के विवाद में नाराज एक युवक ने गंगा पुल से कूदने का प्रयास कर लिया। घटना के दौरान युवक पुल की रेलिंग पर लटक गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, युवक अपनी पत्नी के साथ गंगा स्नान के लिए ब्रजघाट आया था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। बताया जा रहा है कि 100 रुपये को लेकर हुए इस विवाद से आहत होकर युवक गुस्से में आ गया और गंगा पुल पर चढ़कर कूदने की कोशिश करने लगा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए काफी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। इस दौरान पुल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और हर कोई सांस थामे इस घटनाक्रम को देखता रहा। पुलिस ने युवक को समझा-बुझाकर शांत कराया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि समय रहते पुलिस की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया।



## एक नजर

### दहेज हत्या के मामले में फरार पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, थाना बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत नामजद आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पृथ्वीराज चौहान गेट, ग्राम कन्दौला क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितिक राणा पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम कन्दौला, थाना धौलाना, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### व्यवसायिक प्लॉट विक्रय करने की एवज में दलित से 27 लाख रुपए हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली के उत्तम नगर के रहने वाले एक व्यक्ति ने गढ़ क्षेत्र के एक व्यक्ति पर उसके व्यवसायिक प्लॉट को क्रय करने की एवज में उससे 27 लाख रूपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

दिल्ली के उत्तम नगर के रहने वाले दलित नीरू कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसको माह दिसम्बर 2025 में गढ़ नगर के दो व्यक्तियों ने स्याना मार्ग पर एक व्यवसायिक प्लॉट बताया। जिसके बाद उसने उस प्लॉट का मुआयना किया तो प्लॉट उसे वो प्लॉट पसंद आ गया। जिसके बाद उसने दूसरी बिरादरी के प्लॉट मालिक से उस प्लॉट का सौदा एक लाख रूपए वर्ग गज के हिसाब से तय किया। उसके प्लॉट मालिक को ब्याने में साढ़े तीन लाख रूपए सौंप दिए। पीड़ित ने बताया कि चार दिसम्बर 2025 को उसने विक्रेता को पांच लाख रूपए ऑनलाईन ट्रांसफर किए तथा साढ़े ग्यारह लाख रूपए नगद सम्मुख गवाहान अदा दिए। उसी दिन गढ़ तहसील पर स्टाम्प पर लिखित में नोटरी प्रमाणित ब्याना रसीद लिखाई जिसमें बैनामा करने का चार माह का समय निर्धारित किया गया। एक माह बाद विक्रेता के कहने पर उसने सात लाख रूपए ओर अदा किए। पीड़ित ने बताया कि तय चार माह की अवधि पूरी होने के बाद उसने विक्रेता से बैनामा कराने के लिए तकादा किया तो आरोपित बहानेबाजी बनाने लगा। आरोपित उसके द्वारा तकादा करने पर समय पर समय देकर तालमटोल करता रहा। पीड़ित ने बताया कि प्लॉट स्वामी ने उसके साथ धोखाधड़ी जालसाजी करते हुए उस प्लॉट का बैनामा किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दिया। इस बात की जानकारी उसको हुई तो वो आरोपित के घर पहुंचा तथा अपने पैसों का तकादा किया तो मौके पर मौजूद ग्राम सिकंदरपुर निवासी आरोपित सुरेशचन्द यादव, उसका पुत्र अमित यादव व दो अज्ञात ने उसको बुरी बुरी गालियां व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ मारपीट की तथा धमकी दी कि अगर दोबारा पैसों का तकादा किया तो जान से मार देंगे या फिर गुंडे बदमाशों को फिरौती देकर मरवा देंगे। अब पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने की मिष्ठान भण्डार पर कार्यवाही

मथुरा। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी मथुरा के आदेश के अनुपालन में आम जनमानस एवं जनपद में आने वाले श्रृद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु अभिसूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह, दलवीर सिंह, अरुण कुमार, धर्मेन्द्र सिंह एवं राम नरेश द्वारा छटीकरा, वृन्दावन पर स्थित अग्रवाल स्वीट्स पर कार्यवाही की गई। मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि आगामी अक्षया तृतीया के पर्व पर अमरचंद नामक व्यक्ति द्वारा धौलपुर राजस्थान से बड़े पैमाने पर वृंदावन क्षेत्र में मिलावटी पेड़ा की आपूर्ति कराने की तैयारी की जा रही है। खाद्य सुरक्षा सचल दल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के निर्देशन व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल के सदस्यों द्वारा छापामार कार्यवाही की गयी।

# संदिग्ध हालात में हेड कॉन्स्टेबल की मौत, सड़क किनारे अचेत मिलने के बाद तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ तिराहे के पास उस समय सनसनी फैल गई, जब एक हेड कॉन्स्टेबल संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



मृतक की पहचान धर्मवीर के रूप में हुई है, जो जिला बागपत में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात था। बताया जा रहा है कि राहगीरों ने उसे सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, मौत के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आयुष्मान-सौभाग्य योग में मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव इस वर्ष 19 अप्रैल रविवार को आयुष्मान एवं सौभाग्य योग में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। साथ ही अक्षय पुण्य प्रदान करने वाला पर्व अक्षय तृतीया का विशेष शुभ संयोग 19 और 20 अप्रैल दोनों दिन रहेगा, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा की बैठक गढ़ रोड स्थित संकटहरण हनुमान मंदिर में आयोजित हुई। महासभा के समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय ने बताया कि 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कैला मंदिर में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही 19 व 22 अप्रैल को निकलने वाली शोभायात्राओं के स्वागत के लिए रेलवे रोड पर विशेष स्वागत पॉइंट बनाए जाएंगे। इस वर्ष तृतीया तिथि 19 अप्रैल को सुबह 10:49 बजे से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल को सुबह 7:27 बजे तक रहेगी, इसलिए पूजन का श्रेष्ठ समय 10:49 बजे के बाद माना गया है। उन्होंने बताया कि विशेष पूजन के लिए दोपहर 11:33 से 12:24 बजे तक तथा सायं 6:20 से 7:08 बजे तक का समय अत्यंत शुभ रहेगा। धर्मग्रंथों के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन किया गया जप, तप, दान और शुभ कार्य अक्षय फल प्रदान करता है। साथ ही सोना-चांदी, भूमि, वाहन आदि की खरीददारी के लिए भी यह दिन अत्यंत शुभ माना जाता है। 20 अप्रैल को सुबह 7:27 बजे तक पूजन का समय रहेगा तथा सायं 4:11 बजे तक शुभ मांगलिक कार्य किए जा सकेंगे। बैठक में डा. वासुदेव शर्मा, पंडित ओमप्रकाश पोखरियाल, पंडित आशुतोष शुक्ला, पंडित मित्र प्रसाद काफ्ले, पंडित देवी प्रसाद तिवारी, पंडित आशीष पोखरियाल, अनिशा सोनी पाण्डेय, पंडित गौरव कौशिक और पंडित प्रेम नारायण भारद्वाज सहित कई विद्वानों ने अपने विचार रखे।



# मथुरा में कांग्रेसियों का नगर निगम के खिलाफ विरोधा प्रदर्शन

eFkjkA महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में नगर निगम मथुरा-वृंदावन के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने होली गेट चौराहे से बाइक रैली के रूप में प्रदर्शन की शुरुआत की और नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे।

प्रदर्शनकारियों में भारी रोष देखने को मिला, जो नगर निगम की कथित लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ था। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए 10 अप्रैल 2026 को वृंदावन में हुई दुखद घटना, जिसमें 16 लोगों की मृत्यु हुई की उच्चस्तरीय एसआईटी जांच की मांग की गई। साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार महापौर और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पंडित यतीन्द्र मुकद्दम ने आरोप लगाया कि नगर निगम की लापरवाही के कारण आम जनता की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि यमुना शुद्धिकरण के नाम पर एसटीपी प्लांटों में भ्रष्टाचार हो रहा है और बिना शोधन के गंदा पानी यमुना में छोड़ा जा रहा है, जिससे प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। पूर्व सीएलपी लीडर प्रदीप माथुर ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई।

# भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से सम्पन्न, विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA कृष्ण चन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, माधव कुञ्ज, मथुरा में भगवान परशुराम जयंती का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष सूर्यनारायण तिवारी (युग निर्माण योजना पत्रिका के संपादक), मुख्य वक्ता रघुनाथ प्रसाद तिवारी ( पूर्व रजिस्ट्रार, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल), डॉ एस ० पी ० गोस्वामी ( पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ), प्रांतीय संगीत प्रमुख राजीव शर्मा, प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया।

विद्यालय के उपप्रधानाचार्य राजीव पाठक द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा कला प्रमुख रविंद्र कुमार ने की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से मनीष गोला व कृष्णा साहू, द्वितीय स्थान साक्षी शुक्ला, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से लव ठाकुर व अभय शर्मा ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा हिन्दी बिषय विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति तिवारी द्वारा की गई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से यश सोनी व हिमाशुं लोधी, द्वितीय स्थान मंयक पटेल व तृतीय स्थान शिव कुमार ने प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता रघुनाथ प्रसाद तिवारी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक हैं। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार होने के साथ-साथ शास्त्र और शस्त्र दोनों के महान ज्ञाता थे।



# एक करोड़ की लागत से बनने वाले हॉल का शिलान्यास

## नगर विधायक राजीव गुम्बर व मेयर डा. अजय सिंह ने भूतेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुंबर के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मंत्री जयवीर सिंह द्वारा स्वीकृत भूतेश्वर मंदिर में लगभग एक करोड रुपए से बनने वाले हॉल के निर्माण कार्य का आज भूतेश्वर महादेव बाबा का पूजन अर्चन कर शिलान्यास किया।

नगर विधायक राजीव कुमार ने उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की नीतियों को बताते हुए कहा कि हमारी सरकार विकास के साथ संस्कृति को संजोने का कार्य कर रही है हमारी सांस्कृतिक विरासत जिस पर विदेश से आए लोगों ने चोट की आज उन सभी स्थानों का पुनरुद्धार कर भव्य रूप दिया जा रहा है। मेयर डॉ अजय कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सहारनपुर नगर में काली मंदिर में भव्य हॉल का निर्माण, शहीद भगत सिंह के शरण स्थली फुलवारी आश्रम को एक स्मरणीय स्थल का भव्य रूप दिया जा रहा है जिससे हमारे आने वाली पीढियां को अपनी संस्कृति एवं आजादी की लड़ाई का ज्ञान हो सके। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनुज तायल, पार्षद मयंक गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र शर्मा, अनेश शर्मा, गोकर्ण दत्त शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, प्रेमपाल कटारिया, सर्वेष्ठ गुप्ता, विनोद चौजड़, महामंत्री सुपनीत सिंह, ललित कटारिया, योग चुग, हेमंत अरोड़ा, आरती शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश जौहरी, मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश गोयल, मंत्री आशुतोष, उपाध्यक्ष शैलेंद्र भूषण गुप्ता, माई दयाल, श्रीमती वीणा बजाज, श्रीमती स्नेह गुंबर सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता एवं मंदिर समिति के लोग उपस्थित रहे।

# सच्चाई से मिलेगा असीमित विजनः डा. असलम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. असलम ने कहा कि यदि हम सच्चाई को खोज ले तो हमारा विजन असीमित हो जायेगा।

डा.असलम ने यह बात कर्नल एम.पी.शर्मा द्वारा आयोजित भारत भाईचारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि हम केवल भौतिक अस्तित्व नहीं हैं, बल्कि वास्तव में एक आध्यात्मिक सत्ता हैं। हम शारीरिक रूप से हजरत आदम की संतान हैं, लेकिन असल में हम एक रूह हैं, जो पैदा होने से पहले भी मौजूद थी और इंतकाल के बाद भी रूह के रूप में खुदा के साथ अमर रहेगी और इस अनंत दुनिया में बनी रहेगी। यदि हम इस सच्चाई को खोज लें, तो हमारी दृष्टि विजन असीमित हो जाएगी। अगर यही सच्चाई राष्ट्रपति ट्रंप और नेतन्याहू ने समझ ली होती, तो ईरान के साथ महायुद्ध जैसी स्थिति पैदा न होती, क्योंकि इस सत्य की खोज के बाद नफरत, युद्ध और टकराव समाप्त हो जाते हैं। वर्क टीम के आदिल ने तारिक अब्दुल्ला के मिशन को बेहतरीन तरीके से समझाया। अंत में कर्नल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# फाइनल में भिड़ेंगे ब्लू व गौतमबुद्ध नगर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोना स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेले गए वुमेन चैलेंज ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में सहारनपुर ब्लू और गौतमबुद्ध नगर ने फाइनल में जगह बना ली।

पहले मुकाबले में सहारनपुर ब्लू ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 142 रन बनाए। वंशिका सैनी ने 65 रन, भुवी ने 33, श्रद्धा ने 17 और कल्पना ने 13 रन का योगदान दिया। गौतमबुद्ध नगर की ओर से नमिता सिंह और शिखा ने 1-1 विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए गौतमबुद्ध नगर ने 6 विकेट खोकर जीत दर्ज की। नमिता सिंह ने 44 गेंदों पर नाबाद 60 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। नानी ने 18 रन जोड़े। सहारनपुर ब्लू की ओर से आस्था वर्मा और मनीषा ने 2-2 विकेट लिए, जबकि कल्पना को 1 सफलता मिली।मैच का उद्घाटन पार्षद गौरव कपिल ने किया। सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान ने नमिता सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस दौरान यूपीसीए कमेटी मेंबर साजिद उमर, कोच आमिर कुरैशी, आयुष, तरुण, डॉ. शमशाद, रामावतार, नेपाल सिंह, शादाब आदि मौजूद रहे।

## शांतिभंग में जेल भेजा

**सहारनपुर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को शांति भंग के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम एवं इन अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व उपनिरीक्षक धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में एक शातिर आरोपी शिवम उर्फ माटू पुत्र स्व. मांगेराम निवासी मौहल्ला गढ़ी मलूक नम्बर-2 थाना नगर कोतवाली सड़क सरेराह अपने पड़ोसी संदीप के साथ झगड़ा-फसाद करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# समय-समय पर जांच कराएं विद्युत प्रणालीः प्रताप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा उद्योगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं ज्ञानवर्धन हेतु एक प्रभावशाली फायर मॉक ड्रिल की गई।

कामधेनु नगर में आयोजित मंथन बैठक के मुख्य अतिथि मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्निशमन अधिकारी ऋषभ पंवार रहे। 'सर्वप्रथम चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना, आर.के. धवन, सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, मंडलीय अध्यक्ष सतीश अरोड़ा, चौप्टर सचिव कुशल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा आदि संस्था के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह तथा अग्निशमन अधिकारी ऋषभ पंवार को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र' भेंट कर उनका स्वागत व अभिनन्दन किया गया। चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि फायर सेफ्टी उद्योगों के लिए अत्यंत आवश्यक है। आग की घटनाएं न केवल आर्थिक क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा बनती हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सड़ाना ने भी विचार रखे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह ने कहा कि अधिकांश अग्नि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण 'इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट' होता है इसलिए सभी उद्योगों को समय-समय पर अपनी विद्युत प्रणाली की जांच अवश्य करानी चाहिए।

इस अवसर पर राजेश सपरा, राजकुमार अरोड़ा, वीरभान भटेजा, संजय अरोड़ा, संजय कपूर, अंशुल गुप्ता, संजय गर्ग, संजीव सचदेवा, अतीश गुप्ता, रमेश सडाना, गौरव मितल, अविजीत सिंह छाबड़ा, अरशद अहमद, कपिल जैन, अनमोल सडाना, विनोद अरोड़ा, अमित कुमार, गौरव कुमार, रजनीश तनेजा, देवेंद्र जुनेजा, श्रेष आदि उपस्थित रहे।

# दयावती हॉस्पिटल में लीवर के मरीजों की जांच




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वर्ल्ड लीवर डे के अवसर पर दयावती हॉस्पिटल में निशुल्क शिविर लगाकर सैंकडों लोगों के लीवर की जांच की गयी।

शिविर का शुभारंभ स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डा. नैना मिगलानी ने किया। उन्होने कहा कि आज कल महिलाओं में मोटापा बडी तेजी से बढ रहा है और महिलाओं में पीसीओडी, डायबीटीज व फैटी लीवर के मरीज रोज आ रहे है। उन्होने कहा कि हमें अपने लीवर की जांच नियमित रूप से कराते रहना चाहिए। डा. संजीव मिगलानी ने कहा कि फैटी लीवर के मरीजों को कई बीमारियां हो जाती है और भारत में हर तीसरे फैटी लीवर के मरीज को भविष्य में डायबीटीज की सम्भावना बनी रहती है। शिविर में 152 लोगों ने अपनी जांच कराई। जिसमें कैम्प में शिखा, सुमन, रोजी, अंकुर, जोगेन्दर, समय सिंह, प्रेमचन्द्र, फौजिया, मोहित, अशोक कुमार, समीर, शईस्ता, जानी, राखी, गुलशन, परवीन, गफ्फार, तस्ववर, पूनम, रजत, सरिता, सतीश, नाज, उजैफ, अरविन्द, फिरोज, विनोद, वन्दना, अलका, सुनील, योगेश आदि ने लाभ उठाया।

कैम्प में डा. विक्रान्त, ननीता सिस्टर, मदीहा, आरती, राखी, रशिम, अबुजर, सादिक, नजमा, सचिन, टीना, अभिजीत, मलखान सिंह, प्रियांशु आदि ने अपना सहयोग किया।

## अवैध चाकू सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक शातिर आरोपी को एक चाकू नाजायज सहित दबोच लिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस ने उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान एक आरोपी अरमान पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला नूरबस्ती बड़ी मस्जिद के पास थाना कोतवाली नगर को मंडी समिति परिसर में खाली पड़े खण्डहर के पास कूड़े के ढेर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस का यह चैकिंग अभियान लगातार जारी है।

# हरि मंदिर में भागवत जी का पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हरि मंदिर में माताओं ने 251 कलश लेकर शोभायात्रा कर भागवत जी का पूजन किया।

आज प्रातः काल ही आचार्य अमित भारद्वाज ने 18 पुराण के यजमानों के द्वारा गणपति पूजन श्री रामचंद्र का पूजन और लक्ष्मी नारायण भगवान का पूजन कराया। महंत अचार्य अरुण चंद्र शर्मा ने कहा पूजन करने से एन होता है और कथा श्रवण करने से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं। कथा में हजारों की संख्या में भक्तों ने कथा को श्रवण करके अपने जीवन को धन्य बनाया। इस यज्ञ में हरिद्वार नैमिषारण्य अयोध्या वाराणसी कानपुर कटनी मध्य प्रदेश दूर-दूर क्षेत्र से ब्राह्मणों का आगमन हुआ।

इस दौरान सोनू पवार, कटार सिंह, के पी सिंह, मास्टर रविंद्र कुमार, अभिषेक राणा, राजीव सैनी, मुकेश शर्मा, बुद्ध रंजन शर्मा, राजपाल सिंह, हरिशंकर शर्मा, वीरेंद्र चौधरी, अजय चौहान, रकम सिंह, नितिन कुमार, शौर्य त्यागी एवं पुष्पा सिंह बहुत यजमानों ने देव पूजन कराया।

## न्याय की गुहार

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र की एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता का आरोप है कि गांव जीवाला निवासी एक युवक ने झाड़-फूंक के बहाने उसे बहला-फुसलाकर थाना नागल क्षेत्र के ग्राम सीडकी नागल स्थित एक मस्जिद में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कराया। पीड़िता के अनुसार, 15 अप्रैल की सुबह आरोपी नदीम पुत्र शकील उसे और उसके बच्चे को झाड़-फूंक के नाम पर अपने साथ ले गया। आरोप है कि मस्जिद में मौजूद मौलवी के साथ मिलकर उसे पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गया, जिससे वह बेहोश हो गई।

# जल यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री सिद्ध मृत्युंजय महादेव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ व श्री स्कन्दपुराण कथा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जलयात्रा के साथ शुरू हुआ।

श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आज सुबह विधि विधान के साथ पंचाग पूजन जलयात्रा निकाली गई। जिसमें भारी तादाद में दूर दराज से आई महिलाएं शामिल हुई। कथा व्यास आचार्य रजनीश द्वारा किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कर्म, पूर्णाहुति, ब्राहमण भोजादि 22 अप्रैल को होगा।

# 35 शिकायतों में से मात्र दो का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील बेहट सभागार मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया जिसे में फरियादियों की समस्याएं सुनीगई इस दौरान कुल 35 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से मात्र दो शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए उनके शीघ्र निस्तारण कराए जाने के निर्देश भी दिए गए।

महीने के तीसरे शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और डीदर्जा हुई शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए दी गई। इस दौरान कुल 35 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से मात्र दो शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व, विद्युत, पेयजल, सफाई व्यवस्था, पुलिस संबंधी आदि को लेकर रही। एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सभी विभाग प्राथमिकता के आधार पर फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने का काम करें। उन्होंने शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए उनके शीघ्र निस्तारण कराई जाने के निर्देश भी दिए है। तहसील दिवस में , तहसीलदार विजय कुमार ,नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह देवेन्द्र कुमार प्रजापति , बीडीओ देवेंद्र कुमार, सीडीपीओ अफसाना बेगम, संयोगिता यादव, एसडीओ विद्युत बेहट बृज मोहन सिंह, नगर पंचायत बेहट वरिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर दुबे सिंह सहित सिंचाई , वन विभाग शिक्षा विभाग आपूर्ति के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं से स्थापित किया संवाद



**गागलहेड़ी।** महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0के तहत थाना गागलहेड़ी पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने सत्य श्री कृष्ण इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। टीम ने बच्चों से उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसमें बाल विवाह रोकथाम अभियान, विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं और बाल मजदूरी रोकने जैसे विषय शामिल थे। छात्राओं को गुड टच-बैड टच के बारे में भी बताया गया।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए टीम ने डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल और अनचाहे लिंक से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई। एंटी रोमियो टीम प्रभारी उप निरीक्षक ओमपाल यादव व महिला कॉस्टेबल शशिवाला ने 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930साइबर अपराध 108 एंबुलेंस सेवा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा की छात्रों को जानकारी दी है।

टीम ने महिलाओं से भी बात कर उनकी समस्याएं जानी और समाधान का भरोसा दिलाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और महिलाओं को जागरूक कर उन्हें सुरक्षित माहौल देना है।

# विशाल सिंह ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हासिल की 20वीं रैंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** गांव इशाकपुर निवासी विशाल सिंह पुत्र रामनाथ सिंह ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से पीएचडी में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक विशाल सिंह ने जून 2025 में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के आधार पर पीएचडी के लिए आवेदन किया था। पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत उनका साक्षात्कार 15 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था, जिसका परिणाम गत दिवस घोषित किया गया। इस परीक्षा में विशाल सिंह ने 20वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

वर्तमान में विशाल सिंह ग्रेटर नोएडा स्थित ईशान इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व उन्होंने अपनी एलएल.एम. की पढ़ाई मेरठ कॉलेज, मेरठ से पूरी की है।उनकी इस उपलब्धि से परिजनों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर

## झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध पैथोलॉजी लैब्स का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** स्वास्थ्य विभाग की कथित उदासीनता के कारण कस्बे के गली-मोहल्लों में बिना डिग्री और प्रैक्टिस लाइसेंस वाले झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। इन अवैध चिकित्सकों के कारण आम लोगों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार, ये बिना योग्यता वाले डॉक्टर न सिर्फ शहर के इलाकों में बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं न तो इनके पास मान्यता प्राप्त मेडिकल डिग्री है और न ही वैध लाइसेंस फिर भी ये बेधड़क दवाइयाँ चला रहे हैं कई मामलों में इनके गलत इलाज से मरीजों की हालत बिगड़ गई है लेकिन प्रशासन अब तक चुप्पी साधे हुए है इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पैथोलॉजी लैब्स की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है इनमें न तो प्रशिक्षित स्टाफ है और न ही उचित उपकरण। ज्यादातर लैब्स बिना किसी मानक के चल रही हैं जिससे जांच रिपोर्ट्स की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। गलत रिपोर्ट्स के आधार पर मरीजों को गलत इलाज मिल रहा है, जिससे बीमारियों की जटिलताएँ बढ़ रही हैं ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग की है उनका कहना है कि अगर समय रहते इन अवैध प्रैक्टिसों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। इस पूरे मामले पर जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली। लोग अब प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहे हैं ताकि जन स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

भारत में चिकित्सा पेशे को नियंत्रित करने के लिए मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के बाद अब नेशनल मेडिकल कमीशन जिम्मेदार है, लेकिन जमीनी स्तर पर झोलाछाप डॉक्टरों और अनधिकृत लैब्स की समस्या बनी हुई है।

एक नजर

## सरस्वती विद्या मंदिर में वृक्षारोपण



**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामलीला बाग में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, प्रबंधक डा. संदीप शर्मा और प्रधानाचार्य महेश सिंह ने भी फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। इस दौरान विद्यालय के समस्त आचार्यों और भैया-बहनों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण कर वातावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

## अवैध खनन जोरो पर



**हीमपुर दीपा।** क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफिया रात के अंधेरे में धरती का सीना छलनी करते हुए न केवल हादसे को जन्म दे रहे हैं, बल्कि सरकार को लाखों रुपए राजस्व का प्रतिदिन का चूना लगा रहे हैं। हीमपुर दीपा थाना पुलिस भी इस पूरे खेल से अनजान नहीं है, बल्कि कई जिम्मेदारों के हिस्से उन्हें समय पर पहुंच रहे हैं। बल्कि यह कहना भी गलत नहीं होगा कि इस थाने में जमे कुछ पुराने खिलाड़ी पुलिस कर्मियों की देखरेख और शय पर यह पूरा खेल थाना क्षेत्र में खिलाया जा रहा है। हालांकि यह पुलिसकर्मी बीते दिनों ग्राम तिगरी में लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से ग्राम पुट्ठा निवासी बाइक सवार मासूम बच्चे और पिता की हुई दर्दनाक मौत को शायद भूल चुके हैं और यह भी भूल चुके हैं कि उनके द्वारा खिलाये जा रहे इस खेल में यह स्वयं भी फंस सकते हैं। शायद इसीलिए थाना क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर है।

## मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारा



**नगीना।** ग्राम हरगांव चादन स्थित श्री सिद्धपीठ मां दक्षिण महाक.ाली मंदिर का छठा स्थापना दिवस आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जागरण में श्रद्धालु रात भर माता के भजनों पर झूमते रहे। आज हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत धीरज महाराज ने बताया कि दान में आने वाली राशि मंदिर के सौंदर्यीकरण पर खर्च की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिद्वार से आए पंडित आशु महंत, राजेंद्र सैनी, टीटू सैनी और संजय चंद्रा सहित समस्त सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

## किताबें सबसे अच्छी मित्र : मलिक



**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय का दसवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार मलिक ने कहा कि किताबें सबसे अच्छी मित्र होती हैं। आजकल डिजिटल जमाना है। किताबें डिजिटल स्वरूप में भी उपलब्ध है। बच्चों को पुस्तकालय में पढ़ने के लिए एक अच्छा माहौल मिलता है। सभी विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया तथा मोबाइल के प्रयोग के समय सतर्कता बरतने का आह्वान किया। इस मौके पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुस्तकालय संचालक विवेक गुप्ता ने कहा कि विवेक पुस्तकालय की शुरुआत 17 अप्रैल 2017 को हुई थी। कार्यक्रम में डा. भोगेंद्र सिंह, शुभम भूईयार, मनजीत सिंह, शांतनु मौर्य, भविष्य मौर्य, रोहन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## तत्काल गेहूं खरीद के निर्देश



**बिजनौर।** एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा आज नगीना स्थित गेहूं क्रय केंद्र पखनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि केंद्र प्रभारी द्वारा अभी तक गेहूं खरीदने की शुरुआत नहीं की गई है। उन्होंने केंद्र प्रभारी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश दिए की तत्काल गेहूं क्रय करना प्रारंभ करें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने डीएसपीसीएफ के प्रभारी को भी तत्काल गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी तहसीलदार गेहूं क्रय केंद्र पर किसानों की किसान रजिस्ट्री के संबंध में आने वाली समास्या के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करें और उन्हें यथासंभव सहयोग उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने किसान बंधुओं का आह्वान किया कि जनसुविधा केंद्र के माध्यम से या खुद भी पोर्टल पर ऑनलाइन अपनी किसान आईडी बना सकते हैं।

# डीएपी खाद के 27 कट्टे चोरी

## गन्ना समिति के गोदाम के ताले तोड़े, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम शहजादपुर में गन्ना समिति के गोदाम का ताला तोड़कर डीएपी खाद के 27 कट्टे चोरी कर लिए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



नजीबाबाद गन्ना विकास समिति का ग्राम शहजादपुर में पंचायत घर के पास खाद का गोदाम है। गोदाम मंगलवार से बंद पड़ा था। आज सुबह करीब 11 बजे जब गोदाम इंचार्ज राजीव कुमार गोदाम पर पहुंचे, तो उन्हें गोदाम के गेट पर लगे तीनों ताले टूटे खुले हुए मिले। जिसे देख उनके होश उड़ गए। जिसकी सूचना उन्होंने अपने विभाग के उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर गन्ना समिति सचिव विजय शुक्ला पर भी गोदाम पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। घटना की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## समाधान दिवस में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण हो: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही शिकायतों को निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

डीएम जसजीत कौर आज तहसील (सदर) में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। आज तहसील दिवस के मौके पर कुल 32 शिकायतें दर्ज की गई। जिन में दो शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस मौके पर एसपी अभिषेक झा, एसडीएम सदर रितु रानी, सीओ सिटी संग्राम सिंह, तहसीलदार सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के अंतर्गत जनपद में संचालित गति.विधियों की प्रगति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त (स्वत: रोजगार) वीरेंद्र यादव द्वारा नरसिंह प्रेरणा क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ), आंकू (नहटौर) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता एवं स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का गहन अवलोकन किया गया। उपायुक्त द्वारा अभिलेखों के बेहतर रखरखाव तथा कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

इस मौके पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में वीरेंद्र यादव ने समूह से जुड़ी महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें 'विदुर' ब्रांड के अंतर्गत अपने उत्पादों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 'विदुर' ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है तथा 'वोकल फॉर लोकल' को भी बढ़ावा मिल रहा है।

साथ ही 'लखपति दीदी' पहल का उल्लेख करते हुए उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, नियमित बचत एवं निवेश की आदत विकसित करने तथा आय के विविध स्रोत अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर प्रत्येक महिला आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती है।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूहों को समय-समय पर कौशल विकास प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास, वित्तीय साक्षरता एवं विपणन से संबंधित आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि समूहों के उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आग से बचाव के उपाय बताए

## अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** फायर स्टेशन धामपुर द्वारा 'अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह' के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक भवनों में जागरूकता अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान फायर विभाग की टीम ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर आग से बचाव एवं आग लगने की स्थिति में तुरंत नियंत्रण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस वर्ष की थीम (सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज) पर विशेष जोर दिया गया।

फायर कर्मियों ने उपस्थित प्रतिष्ठान स्वामियों, प्रबंधकों एवं आम नागरिकों को बताया कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। साथ ही आग से संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान लोगों को विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, गैस सिलेंडर की देखभाल तथा आपात स्थिति में तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना देने के महत्व के बारे में भी बताया गया। फायर विभाग के इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है।

## विधेयक पारित न होने पर विपक्ष की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुंदकी।** कश्यप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बीके कश्यप एड. ने महिला आरक्षण विधेयक के पारित नहीं हो पाने को लेकर विपक्ष की सराहना की।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की महिला आरक्षण के नाम पर पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक महिलाओं के हक अधिकारों को ठगने की मंशा को उजागर किया है। बीके कश्यप ने कहा कि सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी को और दलितों को हिंदू तो कहती है, पर सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देती। कॉर्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं ?, शिक्षा के क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां हैं?, निजी क्षेत्र में ओबीसी दलित कहां हैं? सार्वजनिक क्षेत्र से वंचितों को हटाया जा रहा है और भाजपा केवल महिला आरक्षण विधेयक बिल के नाम पर महिलाओं और जनता को गुमराह करने का काम कर रहीं थी।

इनके इस कृत्य को जनता जान चुकी हैं और 2027 के चुनाव में पूर्ण और प्रचंड बहुमत से उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बनेगी। क्योंकि केवल अखिलेश यादव ही पिछड़ों और दलितों अल्पसंख्यक समाज के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जातीय जनगणना की बात करते हैं, सभी को उनके संख्या के आधार पर हक और सम्मान मिलने की बात करते हैं, अखिलेश यादव जी आज के युग में पिछड़ों के जननायक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## उधारी मांगने पर जान से मारने की धमकी

**चांदपुर।** ग्राम खानपुर निवासी अंकित कुमार पुत्र विनोद कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है उसने तीन वर्ष पूर्व ग्राम जोया, थाना अमरोहा निवासी खुश नवाज पुत्र नामालूम से दस लाख रुपए लेकर ग्राम नलपुरा थाना चांदपुर निवासी पिंटू पुत्र पप्पू को दिए थे। काफी समय बाद भी पिंटू ने खुशनवाज को पैसे नहीं दिए खुशनवाज ने जब पीड़ित पर पैसे लेने का दबाव बनाया, तो पीड़ित ने खुशनवाज को अपने पास से छह लाख रुपए दे दिए। अब खुशनवाज पीड़ित से कह रहा है कि तू मुझे पिंटू से चार लाख रुपए दिला वरना मैं तुझे मौत के घाट उतरवा दूंगा। पीडित ने मुकदमा दर्ज कराया है।

# टॉपर्स फेलिसिटेशन एवं इन्वेस्टीचर सेरेमनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज टॉपर्स फेलिसिटेशन एवं इन्वेस्टीचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की मैनेजर आभा सिंह, उनकी पुत्री वसुंधरा तथा प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके पश्चात विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मैनेजर मैडम आभा सिंह द्वारा विद्यालय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स को क्रमश: 11 हजार, सात हजार एवं पांच हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए। साथ ही इन मेधावी विद्यार्थियों को आभा फाउंडेशन के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल भी भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान नव-निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण एवं बैज वितरण भी किया गया। हेड बॉय प्रतीक कुमार एवं हेड गर्ल ग्रेस वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यालय के विकास, अनुशासन और विद्यार्थियों उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और विद्यालय का नाम और ऊंचा करेंगे। मैनेजर मैडम आभा सिंह एवं वसुंधरा जी ने सभी टॉपर्स को हार्दिक बधाई दी तथा इन्वेस्टीचर सेरेमनी में चयनित सभी विद्यार्थियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

एक नजर

## क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**अफजलगढ़।** ग्राम कासमपुर गढ़ी स्थित एससीएम इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट के आयोजक भाकियू (तोमर गुट) के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान न उनका फूल मालाओं से स्वागत कर टूर्नामेंट का आगाज कराया। थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और मस्तिष्क का विकास होता है। पांच दिवसीय टूर्नामेंट में क्षेत्र की 16 टीम में भाग ले रही हैं जिनके दरमियान 10-10 ओवरों का मैच खोला जाएगा। बीती शाम टूर्नामेंट का प्रथम मैच जसपुर और ठाकुरद्वारा के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ठाकुरद्वारा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 127 रन बनाए। जवाब में उतरी जसपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र आठ ओवर में दो विकेट खोकर 128 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए करण कुमार को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मुकाबले में रेफरी की भूमिका फरहान और आकिब अंसारी ने निभाई। इस मौके पर सुंदर सिंह चौहान, जीशान लियाकत, मौहम्मद हबीब, मौहम्मद दानिश, मौहम्मद अहमद कस्सार, मौहम्मद नफीस, शाहरुख कादरी, मौहम्मद जावेद व मौहम्मद शुऐब सहित बड़ी संख्या पूर्व खिलाड़ी व खेल प्रेमी एंव ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक



**कोतवाली देहात/बिजनौर।** सीबीएसई स्कूलों के संगठन बिजनौर सहोदया के अंतर्गत प्रधानाचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सहोदया अध्यक्ष विनय चौधरी, सेक्रेटरी इंद्रपाल सिंह, कोषाध्यक्ष डा. सरजीत सिंह, प्रधानाचार्य कुंवर अजीत सिंह, मंसूर खान, सुशील कवि, रविंद्र सिंह तेवतिया आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विनय चौधरी ने फीस रेगुलेशन एक्ट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फीस वृद्धि निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जानी चाहिए तथा एनसीईआरटी पुस्तकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और विद्यालयों की परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यूपी कोप पोर्टल पर पंजीकृत कराए। इस मौके पर प्रधानाचार्य मंसूर खान ने सीबीएसई द्वारा जारी नवीनतम निर्देशों की जानकारी दी और उनके पालन पर जोर दिया। बैठक में लगभग 40 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सहभागिता कर शिक्षा की गुणवत्ता सुधार एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर अपने विचार साझा किए।

## बाल विवाह पर सजा व जुर्माना

**बिजनौर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि समाज के कुछ लोगों द्वारा लड़के और लड़की का विवाह निर्धारित आयु क्रमश: 21 एवं 18 वर्ष के पूर्व ही कर दिया जाता है। प्राय: इस प्रकार के विवाह अक्षय तृतीया के अवसर पर होते हैं, जबकि इस सम्बंध में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अन्तर्गत बाल विवाह होने पर दो वर्ष की सजा अथवा 100000/- रुपए का जुर्माना अथवा दोनों का प्रविधान है। इस वर्ष अक्षय तृतीया दिनांक 30 अप्रैल, 2026 को है। उन्होंने सभी सभ्यजनों का आह्वान किया है कि बाल विवाह को हतोत्साहित करें तथा बाल विवाह की किसी भी घटना के सम्बंध में सूचना कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी बिजनौर के दूरभाष संख्या-8077746338 व 7836078966 / वन स्टॉप सेन्टर बिजनौर/ 181 महिला हेल्पलाइन अथवा अपने नजदीकी थाने पर देने का कष्ट करें।

## विद्या मंदिर में परशुराम जयंती मनाई



**नजीबाबाद।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह सहित सभी आचार्य और आचार्याओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांज.लि अर्पित की। इस अवसर पर आचार्य घनश्याम सिंह ने छात्रों को बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उनका जन्म त्रेता युग में महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को हुआ था। आचार्य आत्मस्वरूप शर्मा ने भी भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए। आचार्य गोपेन्द्र सिंह ने छात्रों को भगवान परशुराम के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने छात्रों को भगवान परशुराम के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेने तथा उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आचार्य पंकज शर्मा, गौरव कुमार, नीरज कुमार, अनंत कुमार, सोनू कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, आचार्या रजनी टांक, फूलमाला वर्मा, पूनम कुमारी, मनु, मीनू और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिव महिमा एवं भजन कार्यक्रम आज

**धामपुर।** संस्कृति निदेशालय के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर नगर पालिका के सौजन्य से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल (आज) पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में प्रात: 11:00 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत शिव महिमा का गुणगान एवं भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। पालिका की ओर से नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# रेलवे स्टेशन के पास चलती कार बनी आग का गोला, वाहन चालकों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भीषण गर्मी के बीच शनिवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रेलवे स्टेशन के पास एक चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। कार से उठती तेज लपटों और धुएं के गुबार को देखकर आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए और मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार अचानक चलते-चलते धुआं छोड़ने लगी। इससे पहले कि चालक कुछ समझ पाता, आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया और पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोका और बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। बताया जा रहा है कि कार में सवार अन्य यात्रियों ने भी समय रहते कूदकर खुद को सुरक्षित कर लिया।घटना की



सूचना मिलते ही मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी सक्रिय हो गए। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाना आसान नहीं था। देखते ही देखते कार पूरी तरह आग की लपटों में घिर गई और कुछ ही देर में जलकर खाक हो गई।सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया और कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात को सुचारु रूप से चालू कराया। गनीमत रही कि इस भयावह हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित बच गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस और दमकल विभाग पूरे मामले की गहन जांच में जुटे हुए हैं।इस घटना ने एक बार फिर वाहन चालकों को सतर्क रहने और समय-समय पर अपने वाहनों की तकनीकी जांच कराने की आवश्यकता की याद दिलाई है, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# परशुराम जयंती को लेकर आयोजित हुई बैठक, भव्य शोभायात्रा की तैयारियां तेज

**मुरादाबाद।** काशी राम नगर स्थित श्री भगवान परशुराम भवन में शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण जागृति विचार मंच के नेतृत्व में भगवान परशुराम जयंती को भव्य रूप से मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा ने की, जबकि संचालन महामंत्री कौशल किशोर द्विवेदी ने किया।बैठक में भगवान परशुराम के मंत्रों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कौशल किशोर द्विवेदी ने बताया कि "ध जामदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहि, तन्नो परशुराम: प्रचोदयात" मंत्र का जाप अत्यंत कल्याणकारी माना गया है, जो भय और शत्रुओं से मुक्ति दिलाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि परशुराम जयंती के अवसर पर अपने घरों में हवन कर गायत्री मंत्र का जाप करें। इसके साथ ही "ध रां रां ध रां रां परशुहस्ताय नम:" बीज मंत्र को भी फलदायी बताया गया।संगठन मंत्री देवेंद्र कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपीं और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं मार्गदर्शक धवल दीक्षित ने समाज में एकता बनाए रखने और आपसी मतभेद भुलाकर मिलजुल. कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।बैठक में तय किया गया कि रविवार को सरस्वती देवी धर्मशाला, मंडी चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा धूमधाम से आयोजित होगी, जिसमें करीब 12 आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। झांकियों के संचालन और सहभागिता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।इसके अलावा सुबह 9 बजे परशुराम चौक, बुद्धि विहार पर हवन कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में विपिन द्विवेदी, छत्रपाल शर्मा, आर.एन. पांडे, दिनेश प्रसाद पांडे, प्रमोद शुक्ला, सतीश भारद्वाज, शिव नारायण उपाध्याय, एडवोकेट संचित मुद्गिल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जन्मोत्सव को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

## बिलारी समाचार

### इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेताओं को कमिश्नर व एडीआरएम ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा एमआईटी वर्ल्ड स्कूल, रामगंगा विहार में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। अंतिम दिन



शेष तीन राउंड खेले गए, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एडीआरएम उत्तर रेलवे परितोष गौतम ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूरी बनाकर शतरंज जैसे बौद्धिक खेलों में रुचि लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शतरंज से रणनीति बनाने और कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। साथ ही उन्होंने हार से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मंजुला कंबोज ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।पांच राउंड के बाद बालिका वर्ग में अंडर-11 में अलिश्बा आजम, अंडर-13 में अद्वैता गौतम, अंडर-15 में अग्रिमा प्रताप सिंह और अंडर-17 में माहीन मरयम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में अंडर-11 में हर्लिव सिंह खुराना, अंडर-13 में अरमान जमीर, अंडर-15 में देवस गंगवार और अंडर-17 में मयूर अग्रवाल विजेता रहे।प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक-प्रशिक्षक भी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं शिकायतें

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें एडीएम प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी नीतू रानी और सीओ दीपक तिवारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। हालांकि इस दौरान फरियादियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। कार्यक्रम में बाबूलाल एडवोकेट ने धारा 30 की पत्रावलियों पर आख्या न आने की शिकायत दर्ज कराई। नत्थू सैनी पुत्र रामस्वरूप ने नाले से



अतिक्रमण हटाने की मांग की। घटियागेट निवासी छोटेलाल ने गिरे हुए विद्युत पोल को ठीक कराने का प्रार्थनापत्र दिया। भीकनपुर निवासी धर्मेंद्र ने जन्म प्रमाणपत्र बनवाने में आ रही समस्या बताई। इसके अलावा ग्राम दियौरा खास निवासी अमर सिंह ने भूचित्र के विपरीत सड़क निर्माण की शिकायत की, जबकि अजयपाल ने गाटा संख्या 175 की भूमि के पास रेलवे पिलर लगाने का मुद्दा उठाया। विकासखंड बनियाखेड़ा प्रमुख के प्रतिनिधि शिवेंद्र भी कुछ महिलाओं के साथ उनकी समस्याएं लेकर पहुंचे। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 16, पुलिस विभाग की 11, चकबंदी विभाग की 04, विकास विभाग की 06, खाद्य एवं रसद विभाग की 03, समाज कल्याण विभाग की 01 व अन्य विभागों की 17 शिकायतों सहित कुल 58 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष सभी शिकायतों पर अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### अमियापुर पचाक में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**चन्दौसी।** विधानसभा चन्दौसी क्षेत्र के ग्राम अमियापुर पचाक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सपा नेत्री विमलेश कुमारी द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके



पश्चात डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति पचाक के तत्वाधान में निकाली जा रही शोभायात्रा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। विमलेश कुमारी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। विपरीत परिस्थितियों में जन्म लेकर उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। विश्वस्तरीय संस्थाओं से उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि ज्ञान ही असली शक्ति है। उन्होंने हमें तीन मूल मंत्र दिए-'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' यही मंत्र आज भी सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा आधार है। आज के दौर में बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की एकता बेहद जरूरी है। जब तक समाज के ये वर्ग एकजुट होकर अपनी राजनीतिक ताकत नहीं पहचानेंगे, तब तक सामाजिक न्याय अधूरा रहेगा। समाजवादी पार्टी हमेशा से बाबा साहेब के विचारों पर चलने वाली पार्टी रही है। यह वही विचारधारा है जो हर वर्ग को सम्मान, समान अवसर और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करती है।

### अजीमगंज में धूमधाम से निकली अंबेडकर जयंती शोभायात्रा

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव अजीमगंज में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और डीजे के साथ अंबेडकर अनुयायी पूरे उत्साह के साथ बाबा साहब और भगवान बुद्ध के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। वे किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे देश की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्होंने समानता और बंधुत्व का संदेश दिया। इस अवसर पर खेमकरण भारती, कपिल देव, मेगसिंह, बदन सिंह, किशनपाल, प्रेम सागर, रिंकू कुमार, विपिन कुमार, राजकुमार, सुरेश पाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, एमएसपी पर खरीद की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं को



लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले वर्ष खराब मौसम और अनियमित वर्षा के कारण गेहूं की पैदावार में भारी कमी आई है। एक एकड़ में औसतन करीब 7 कुंतल तक उत्पादन घटा है, जबकि खेती की लागत पिछले वर्षों के मुकाबले लगभग दोगुनी हो गई है, जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी क्रय केंद्रों पर नाम मात्र के लिए ही गेहूं खरीदा जा रहा है, जबकि व्यापारियों द्वारा गांव-गांव जाकर 2100 से 2200 रुपये प्रति कुंतल के कम दाम पर गेहूं खरीदा जा रहा है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर ही किसानों का गेहूं खरीदा जाए और कम कीमत पर खरीद करने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही आरोप लगाया कि कुछ केंद्रों पर वारदाना और कागजी प्रक्रिया का बहाना बनाकर किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा। समिति ने चेतावनी दी कि यदि एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा, प्रवक्ता मुकेश चंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष राहुल कश्यप सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

# आगामी गन्ना पेराई सत्र के लिए सर्वेक्षण पहली मई से शुरू होकर चलेगा 30 जून तक

**कांठ( शाह टाइम्स )** आगामी गन्ना पेराई सत्र के लिए विभाग ने नीति जारी कर दी है गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पहली मई से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलना है जिसमें कार्य में शुद्धता पारदर्शिता एवं गन्ना किसानों की समस्याओं का निस्तारण के लिए गन्ना सूचना प्रणाली एवं स्मार्ट गन्ना किसान के अंतर्गत एंड्रॉयड बेस्ड मशीन के माध्यम से जीपीएस सर्वे कराया जाएगा। लखनऊ से मिली जानकारी के मुताबिक गन्ना किसानों द्वारा बोए गए गन्ना क्षेत्रफल के संबंध में मदुनपतल. ब्मदनच.पद की वेबसाइट पर गन्ना किसानों के घोषणा पत्र उपलब्ध होंगे तथा संबंधित किसानों को अपना घोषणा पत्र स्वयं ऑनलाइन भरना होगा। जिन किसानों के द्वारा ऑनलाइन घोषणा पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे ऐसे गन्ना किसानों का सट्टा आगामी पेराई सत्र में विभाग द्वारा बंद भी किया जा सकता है। बताया गया कि सर्वे नीति में पारदर्शिता की दृष्टिगत सर्वे टीम के खेत पर पहुंचने की तारीख से पहले इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से तीन दिन पहले किसानों को प्रेषित कर दी जाएगी। गन्ना सर्वेक्षण का कार्य संयुक्त टीम के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा जिसमें राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक चीनी मिल कार्मिक के साथ-साथ संबंधित सर्कल के किसान की मौजूदगी भी जरूरी होगी। बताया गया की पहली बार अंत: फसली एग्रो फॉरेस्ट्री एवं फॉर्म फॉरेस्ट्री के अंतर्गत की गई गन्ना बुवाई का विवरण भी गन्ना सर्वेक्षण में दर्ज किया जाएगा ट्रेंच तथा जोड़ीदार पंक्ति विधि से की गई बुवाई का विवरण भी तैयार किया जाएगा ताकि यांत्रिक गन्ना कटाई हेतु विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हो सके। इस दौरान नए सदस्यों का पंजीकरण भी किया जाएगा और 30 सितंबर 2026 तक पंजीकृत कृषको को ही गन्ना आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उपज बढ़ोतरी के लिए गन्ना सर्वेक्षण से लेकर 30 सितंबर तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और इस हेतु अनुसूि. चत जाति व जनजाति के किसानो लघु किसानों एवं अन्य किसानों से क्रमश: रुपए 10, 100 एवं 200 प्रति कृषक शुल्क जमा कराया जाएगा। गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश ने सभी गन्ना किसानों चीनी मिल प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों से कहा कि वह सर्वेक्षण कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें ताकि गणना क्षेत्र के शुद्ध आंकड़े प्राप्त हो सके।

# आईएफटीएम में डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के एंटी-रैगिंग सेल एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में "डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर सेमिनार का शुभारंभ किया व मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में तकनीक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, लेकिन इसके अत्यधिक उपयोग से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को समझना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. कुमार ने बताया कि डिजिटल युग में बढ़ती मान. सिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें संतुलित एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के प्रेरित करने के उद्देश्य से इस सेमिनार का किया गया था। सेमिनार का संच. ालन कुंवर अंकुश सक्सेना द्वारा किया गया।

सेमिनार के सफल आयोजन में डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. श्वेता वर्मा, श्री अलंकार श्रीवास्तव, श्री दीपक शर्मा के साथ-साथ एंटी-रैगिंग कमेटी एवं एंटी-रैगिंग स्क्वाड के सभी सदस्यों, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सेमिनार में विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# व्यापार मंडल ने मंदिर महंतों का किया अभिनंदन, कायाकल्प कार्यों की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शनिवार को संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने शहर के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ काली माता मंदिर एवं नौ देवी काली माता मंदिर पहुंचकर वहां चल रहे कायाकल्प और सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।इस दौरान व्यापार मंडल के प्रति. निधियों ने मंदिर परिसर में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए महंतों एवं पुजारियों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में सिद्ध पीठ काली माता मंदिर के महंत हितेश्वर गिरी महाराज एवं नौ देवी काली माता मंदिर के महंत वशिष्ठ गिरी महाराज के साथ जूना अखाड़ा से जुड़े पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य, साफ-सफाई व्यवस्था, सुचारु प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को



ध्यान में रखते हुए किए जा रहे प्रयासों को व्यापारियों ने सराहनीय बताया।संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार अग्रवाल उर्फ जॉनी एवं प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने महंतों को माला, पगड़ी और चुनरी ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर टोनी सहगल, मनीष अग्रवाल, प्रियम गुप्ता, महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि मंदिरों में हो रहा यह कायाकल्प धार्मिक आस्था को और मजबूत करेगा, साथ ही शहर की सांस्कृतिक पहचान को भी नया स्वरूप देगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि इन प्रयासों से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।महंतों ने व्यापार मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। अंत में सभी ने माता रानी के दर्शन कर शहर की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

# भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू!

**चन्दौसी।** अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। जहां महीने के पहले सप्ताह में रात के समय हल्की ठंडक महसूस हो रही थी, वहीं अब सूर्य की तपिश लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को दोपहर तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों को कड़ी धूप का सामना करना पड़ा। गर्मी से बचने के लिए लोग गमछा, रुमाल और चश्मे का सहारा लेते नजर आए। सड़कों पर दोपहर के समय आवाजाही भी कम दिखी। भीषण गर्मी के चलते ठंडे पानी और पेय पदार्थों की मांग में इजाफा हो गया है। वहीं जलस्त्रोतों पर भी गर्मी का असर साफ दिखाई देने लगा है। नलों का जल स्तर नीचे खिसकने लगा है, जिससे आने वाले दिनों में जल संकट की आशंका बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगे और गर्मी बढ़ने की संभावना है।

# गांधी स्मारक महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा श्नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के





प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके राजनी. तिक अधिकारों और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था।दिन की शुरुआत एक भव्य जागरूकता रैली के साथ हुई, जिसमें छात्राओं ने नारों के माध्यम से समाज को महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। रैली के उपरांत महाविद्यालय परिसर में एक मानव श्रृंखला बनाई गई, जो एकता और नारी शक्ति का प्रतीक बनी। इस अवसर पर कॉलेज में एक विशेष नारी वंदन दीवार भी तैयार की गई, जिस पर छात्राओं ने अधिनियम से संबंधित अपने विचार और पेंटिंग्स के जरिए अपनी अभिव्यक्ति दर्ज की। दोपहर के सत्र में अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा हेतु एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संच. ालन और निर्देशन यूनिट प्रथम के प्रभारी श्री कुलदीप व्यास द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए अधिनियम की बारीकियों और भविष्य में राजनी. ति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के महत्व को समझाया कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रा रूमा ने कहा मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए किया गया यह एक ऐतिहासिक प्रयास है।

इससे आने वाले समय में नीति-निर्धारण में महिलाओं की आवाज और अधिक मजबूत होगी।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, पहचान के बाद मचा शोक

**थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ के मजदूर का निकला शव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शुक्रवार को अपरान्ह जिला संभल की सीमा के निकट थाना कुढ़फतेहगढ़ सीमावर्ती गांव बहोरनपुर के पास रीठ-गुलरिया मार्ग पर बॉर्डर से दस मीटर की दूरी पर रामपुर जनपद की सीमा क्षेत्र में एक वृद्ध का शव मिला था। शव के पास खड़े ई-रिक्शा व नीचे गिरे पड़े प्लाई बोर्ड को देखकर ई-रिक्शा पलटने से वृद्ध की मौत की आशंका जताई जा रही थी। शाम 05 बजे थाना शाहबाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की परंतु शिनाख्त नहीं हो सकी। शनिवार की सुबह वृद्ध की



शिनाख्त सम्भल जिला की सीमा अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ निवासी आराम सिंह (55) पुत्र रामलाल के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार आराम. सिंह शाहबाद क्षेत्र में एक रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। रास्ते में ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई। मौत होने के बाद ई-रिक्शा चालक खबराकर मौके से ई-रिक्शा छोड़कर भाग गया था।

# अंतिम क्षणों में मिलर ने दिल्ली को दिलाई जीत

### आखिरी ओवर में जीत के लिए चाहिए थे15 रन स्टब्स-राहुल की फिफ्टी,

**बेंगलुरु, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के रोमांचक मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। डीसी को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। डेविड मिलर ने लगातार दो छक्के और एक चौका लगाकर एक बाल रहते जीत दिला दी। टॉस हार कर बैटिंग कर रही बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए।

जवाब में दिल्ली ने 19.5 ओवर में 6 विकेट रहते टारगेट चेज कर लिया। डीसी की टीम तीसरी जीत के साथ पाइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, आरसीबी 8 पाइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। 176 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में ही 3




विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट भुवरेश्वर कुमार ने लिए। हालांकि ओपनर केएल राहुल एक एंड से टिके रहे और अर्धशतक लगाया। उनके और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी हुई। राहुल के अलावा स्टब्स ने नाबाद 60 रन बनाए। डेविड मिलर ने 10 बाल पर नाटआउट 22 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए भुवरेश्वर कुमार ने 3 विकेट झटके। क्रुणाल पंडडा को 1 विकेट मिला। पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु के लिए फिल साल्ट ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 बाल पर 63 रन बनाए। उनकी इस सीजन की यह दूसरी फिफ्टी रही। उनके और विराट कोहली के बीच पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई। साल्ट के अलावा टिम डेविड ने 26, कोहली ने 19 और देवदत्त पडिक्कल ने 18 रन बनाए। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और लुंगी एनगिडी ने 2-2 विकेट लिए। मुकेश कुमार को 1 विकेट मिला। वहीं, क्रुणाल पंड्या रन आउट हुए। मैच के दौरान एक बार फिर दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल क्रैम्प की समस्या से जूझते नजर आए, जिसके चलते खेल कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। अंपायरों ने फिजियो से बात की और आखिरकार अक्षर मैदान से बाहर चले गए।

उनकी जगह डेविड मिलर मैदान पर आए। 11वें ओवर में दिल्ली ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल क्रुणाल पंडडा ने गुड लेंथ पर फेंकी। केएल राहुल आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। विराट कोहली ने लान्ग ऑफ पोजिशन पर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। राहुल 57 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी कर ली। ओवर की तीसरी गेंद पर राहुल ने 2 रन लिए और 30 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। वे ट्रिस्टन स्टब्स के साथ हाफ सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर चुके हैं। भुवनेश्वर कुमार ने इस मुकाबले में पावरप्ले के अंदर 3 विकेट लिए। यह आईपीएल में दूसरी बार है जब उन्होंने पहले 6 ओवर के भीतर तीन विकेट झटके हैं। इससे पहले उन्होंने 2013 में पुणे वारियर्स के लिए खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पुणे में 3/13 का शानदार स्पेल डाला था। पावरप्ले में डीसी ने 50 रन बनाते हुए 3 विकेट गंवाए। शुरुआत में भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में पाथुम निसांका को स्ठॅ कर शानदार आगाज दिलाया। इसके बाद भुवनेश्वर ने अपने अगले ओवर में वापसी करते हुए करुण नायर और समीर रिजवी को आउट कर दो बड़े झटके दिए। तीसरे ओवर में डीसी की पारी पूरी तरह लड़खड़ा गई।

# ग्रीन ने फॉर्म में वापसी के दिए संकेत डेथ ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**अहमदाबाद, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिक्य रहाणे ने आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बाद कहा है कि कैमरन ग्रीन की पारी को कम नहीं आंकना चाहिए, यह कहना जरूरी था क्योंकि ग्रीन लगातार आलोचना के घेरे में थे।

उन्हें बड़ी रकम देकर केकेआर की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हालांकि अहमदाबाद में शुक्रवार को उन्होंने पूरी कोशिश की। नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 55 गेंदों पर 79 रन बनाए। यह ऐसी पारी थी जो अक्सर मैच नहीं जिताती। आखिरी चार ओवर में उन्होंने 11 गेंदों पर सिर्फ चार रन बनाए और मैच केकेआर हार गया। फिर भी इस पारी ने टीम और ग्रीन दोनों के लिए कुछ उम्मीद जरूर जगाई। रहाणे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि जब हम 32 रन पर तीन विकेट खो चुके थे, तब उन्होंने जिस तरह काउंटर अटैक किया, वह शानदार था। उन्होंने समय लिया, जो आसान नहीं होता, खासकर जब टीम और खिलाड़ी दोनों दबाव में हों। उनकी हिम्मत काबिले तारीफ थी। यह पारी इसलिए और अहम थी क्योंकि इससे पहले ग्रीन ने पांच पारियों में सिर्फ 56 रन बनाए थे और इसके कारण वह लगातार आलोचनाओं का शिकार हो रहे थे। इस मैच में आठ ओवर के बाद वह 14 गेंदों पर सिर्फ आठ रन बनाकर खेल रहे थे और केकेआर का स्कोर 59 पर तीन विकेट था। 12वें ओवर में राशिद खान के खिलाफ एक छक्का और एक चौका लगाने के बाद ही उनका स्ट्राइक रेट 100 के पार गया। इसके बाद उन्होंने तेजी से रन बटोरे, लेकिन आखिर में उनकी रफ्तार फिर धीमी हो गई और टीम एक औसत स्कोर तक ही पहुंच सकी। अंबाती रायडू ने ग्रीन की पारी और टीम के बीच संवाद की कमी पर सवाल उठाए। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में कहा, ष्वह गेंद की रफ्तार का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे। वह जबरदस्ती शॉट खेलने की कोशिश कर रहे थे। जब गेंद मूव कर रही हो, तो बैकफुट पर खेलना बेहतर होता है। प्वाइंट और कवर के जरिए रन बनाए जा सकते थे। उन्होंने कहा कि टी20 में भी साझेदारी अहम होती है। आप अकेले बल्लेबाजी नहीं कर सकते। यहां हर बल्लेबाज अपने हिंसाब से खेलता दिखा। कोई भी नॉन स्ट्राइकर जाकर बात नहीं कर रहा था कि कैसे इस फेज को पार करना है या किस गेंदबाज को टारगेट करना है। 16वें और 17वें ओवर में ग्रीन ने एक भी गेंद का सामना नहीं किया। 18वें ओवर में पहली गेंद पर सिगल लिया और फिर स्ट्राइक नहीं मिली। 19वें ओवर में भी यही हुआ।

## खेल विशेष

### हैदराबाद ने डेविड पेन की जगह जेराल्ड कोएत्जी को चुना

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों के लिए डेविड पेन की जगह जेराल्ड कोएत्जी को साइन किया है। पेन - जिन्होंने मौजूदा आईपीएल सीजन में एसआरएच के लिए 2 मैच खेले और उनमें 2 विकेट लिए - टखने की चोट के कारण सीजन के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। कोएत्जी - एक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज - ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 4 टेस्ट, 14 वनडे और 18 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम 67 अंतर्राष्ट्रीय विकेट हैं। कोएत्जी, जो एसआरएच में पेन की जगह ले रहे हैं, ने पहले 14 आईपीएल मैच खेले हैं - गुजरात टाइटन्स (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) का प्रतिनिधित्व करते हुए - और उनके नाम 15 आईपीएल विकेट हैं। वह एसआरएच में 2 करोड़ रुपये में शामिल होंगे।

### संजू देवी को साव ने दी 50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को कबड्डी विश्व कप-2025 में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली राज्य की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी संजू देवी को 50 लाख रुपये का चेक प्रदान कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री साव ने कहा कि बंगलादेश में आयोजित कबड्डी विश्व कप-2025 में संजू देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता में उन्हें 'मोस्ट वैल्यूएबल खिलाड़ी' (एमवीपी) का खिताब भी मिला, जो प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संजू देवी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। समारोह में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, खेल संचालक तनुजा सलाम, संघ के अन्य पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

### नोवाक जोकोविच और एलीन गु लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स के होंगे सह-मेजबान

**मैड्रिड, वार्ता।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीइंग स्टार एलीन गु इस बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स 2026 की संयुक्त रुप से मेजबानी करेंगे। यह पहली बार है जब दो स्टार एथलीट इस समारोह की मेजबानी करेंगे। यह समारोह सोमवार को मैड्रिड के मशहूर पलासिओ डे सिबेलेस में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विश्व भर के दिग्गज खिलाड़ी, सेलिब्रिटी और खेल प्रेमी हिस्सा लेंगे। जोकोविच ने रिकॉर्ड पांच बार 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर' का खिताब जीता है।

# भारत ने चार मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर की

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहले दो मैचों में मिली हार के बावजूद आखिरी दो मैचों में वापसी करते हुए अर्जेंटीना के अपने चार मैचों के दौरे को 2-2 की बराबरी पर समाप्त किया। दौरे की शुरुआत 13 अप्रैल को एक कड़े मुकाबले वाले मैच से हुई, जिसमें नवनीत कौर ने (22वें) और अन्नू ने (29वें) मिनट में भारत के लिए गोल किए। हालांकि अर्जेंटीना ने यह मैच 4-2 से जीता।

जिसमें मारिया एमिलिया लार्सन ने (11वें), विक्टोरिया ग्रैनाटो ने (18वें), और जूलिएटा जानकुनास ने (42वें 55वें) मिनट गोल किए। लेकिन भारत ने पूरे मैच के दौरान जोरदार आक्रामक खेल दिखाया। 14 अप्रैल को खेले गए दूसरे मैच में, इशिका ने (22वें) मिनट भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन मेजबान टीम ने अगस्टिना गोरजेलानी ने (34वें, 48वें) मिनट दो गोलों की मदद से 2-1 से करीबी जीत हासिल की। 16 अप्रैल को तीसरे मैच में भारत ने अपनी लय हासिल कर ली और 2-1 से जीत दर्ज करके सीरीज में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। नवनीत कौर ने (26वें) और नेहा ने (37वें) मिनट दोनों ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके भारत को 2-0 की आरामदायक बढ़त दिलाई।

अर्जेंटीना की अगस्टिना गोरजेलानी ने (52वें) मिनट आखिरी समय में किए गए गोल के बावजूद, भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल करके आखिरी दिन के रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। 17 अप्रैल को सीरीज का फाइनल मैच एक कड़ा मुकाबला था जो निर्धारित समय में 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों को गोल करने के मौके मिले, लेकिन भारतीय रक्षकों ने पूरे मैच के दौरान मजबूती से डटे रहते हुए कोई गोल नहीं होने दिया। शूटआउट में, भारत ने अपना संयम बनाए रखा और 3-2 से जीत हासिल करके यह सुनिश्चित किया कि सीरीज बराबरी पर खत्म हो। दौरे को लेकर कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि पहले दो मैचों के बाद टीम ने जिस तरह से वापसी की। अर्जेंटीना जैसी विश्व-स्तरीय टीम के खिलाफ 0-2 से पीछे होना आसान नहीं होता, लेकिन हमने वापसी के लिए जरूरी हिम्मत और जज्बा दिखाया। ए लगातार मिली जीतें साबित करती हैं कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और बड़े मंच पर दबाव को संभाल सकते हैं।

# अजेय पंजाब किंग्स का सामना हताश लखनऊ सुपर जायंट्स से

**मुल्लनपुर, वार्ता।** रविवार को जब पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स का आमना-सामना होगा, तो प्रशंसकों को सिर्फ क्रिकेट का खेल ही नहीं, बल्कि दो विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा - एक टीम जिसने अपनी रणनीति में स्पष्टता पा ली है,

और दूसरी अभी भी इसकी तलाश में है। पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद शानदार रही है। शीर्ष क्रम में, प्रभसिमरन सिंह ने उस आजादी के साथ बल्लेबाजी की है जो अक्सर तब आती है जब कोई बल्लेबाज अपनी भूमिका और तैयारी दोनों में आश्वस्त होता है। वह सिर्फ आक्रामक नहीं खेल रहे हैं, बल्कि सही समय का




चुनाव कर रहे हैं। उनके साथ प्रियांश आर्य ने पावरप्ले में जोखिम उठाया है, और भले ही परिणाम मामूली रहे हों, लेकिन उनकी मंशा ही पारी को आकार देती है। मध्य ओवरों में, श्रेयस अय्यर पंजाब की हर अच्छी पारी के केंद्र में रहे हैं। उनके खेल में उल्लेखनीय विकास हुआ है, न केवल स्ट्रोक खेलने में, बल्कि गति प्रबंधन में भी। वह समझते हैं कि कब दबाव झेलना है और कब उसे पलटवार करना है। कूपर कोनोली इस संयोजन को बखूबी पूरा करते हैं, खेल की गति धीमी किए बिना स्थिरता प्रदान करते हैं। फिर आती है टीम की गहराई। मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह और मार्को यानसन पंजाब को लचीलापन देते हैं, और टी20 क्रिकेट में लचीलापन अक्सर नियंत्रण में तब्दील हो जाता है। यहां तक कि नेहाल वढेरा जैसे खिलाड़ी, जो टीम में जगह बनाने के लिए तैयार हैं, भी एक ऐसी टीम का संकेत देते हैं जो अपने विकल्पों से संतुष्ट है। गेंदबाजी में भी टीम की संरचना उतनी ही प्रभावशाली है। अर्शदीप सिंह ने अपनी लय वापस पा ली है, और जब वह लय में होते हैं।

# अतिरिक्त बाउंस हमेशा से मेरा सबसे बड़ा हथियार रहा है: कगिसो रबाडा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अपनी मजबूत योजनाओं के जानी जाने वाली टीम गुजरात टाइटंस (जीटी) के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का कहना है कि अतिरिक्त बाउंस उनका सबसे बड़ा हथियार रहा है। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में रबाडा ने कहा कि एक्स्ट्रा बाउंस मेरे पूरे करियर में मेरा सबसे बड़ा हथियार रहा है। हर गेंदबाज अलग होता है। कुछ गेंदबाज स्किडी होते हैं और कुछ ज्यादा बाउंस निकालते हैं। जैसे सिराज को देखिए, वह ज्यादा स्किडी हैं।

और जिन पिचों पर गेंद नीची रहती है, वहां वह मुझसे अधिक खतरनाक हो जाते हैं। लेकिन जिन पिचों पर बाउंस थोड़ा अधिक होता है, वहां मेरी ताकत सामने आती है। हालांकि दिन के अंत में बात यह है कि आपको हर तरह




की पिच से अधिक से अधिक निकालना होता है। आज की पिच बिल्कुल सपाट नहीं थी, उसमें नमी भी थी।

कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ (केकेआर) गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले में मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा से तीन-तीन ओवर करवाए, जहां आमतौर पर टीमें कई गेंदबाजो का इस्तेमाल करती हैं। इस पर रबाडा ने कहा कि पहले देखा गया कि पिच कैसी है, उसके बाद इसे अमल में लाया गया। उन्होंने कहा कि भारत में आम तौर पर तीन तरह के हालात होते हैं। काली मिट्टी, लाल मिट्टी या दोनों का मिश्रण। और कई बार पिच वैसी नहीं खेलती जैसी आप उम्मीद करते हैं। आज की पिच देखने में उन लाल मिट्टी वाली पिचों जैसी लग रही थी जिन पर हमने पहले खेला है, लेकिन इसका व्यवहार थोड़ा अलग था, हालांकि काफी हद तक मिलता-जुलता भी था। शुरुआत में पिच पर तोड़ी नमी थी और पिच थोड़ी डबल पेस भी थी। बाउंस भी थोड़ा अनियमित था, इसलिए बल्लेबाज खुलकर शॉट नहीं खेल पाए और उन्हें अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण रखना पड़ा। उन्होंने कहा कि यही वजह थी कि मैंने और सिराज ने पूरा पावरप्ले गें. दबाजी की। किसी भी दिन आप पावरप्ले में पांच विकेट भी ले सकते हैं, लेकिन तीन विकेट भी हमारे लिए बहुत अच्छे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने भारत को छह विकेट से हराया

**डरबन, वार्ता।** अयाबोंगा खाका (तीन विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के बाद कप्तान लॉरा वुलफार्ट (51) और एनरी डकर्सन (नाबाद 44) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में भारत को पांच गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

दक्षिण अफ्रीका ने 19-1 ओवरों में चार विकेट पर 158 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। कप्लान लॉरा वुलफार्ट ने 39 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए (51) रनों की पारी खेली। सुने लूस (13) रन बनाकर पहले विकेट के रूप में आउट हुई। दूसरा विकेट आठवें ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (10) के रूप में गिरा। 14वें ओवर में श्रेयंका ने लॉरा वुलफार्ट को



आउट किया। अन्नेका बोश (आठ) रन को अरुंधति रेड्डी ने पगबाधा आउट किया। एनरी डकर्स ने 34 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 44 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम के लिए श्रेयंका पाटिल ने दो विकेट लिए। अरुंधति रेड्डी और श्रीचारणी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। शुक्रवार देर रात खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत के लिए 33 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक (नाबाद 47) रन बनाए। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 29 गेंदों में (36), शेफाली वर्मा ने 20 गेंदों में (34) रनों की पारी खेली।

# नेहरा फुटबॉल कोच की तरह हैं, एक जगह टिककर नहीं बैठते': हरभजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** जियो हॉटस्टार के 'चैंपियंस वाली कमेंट्री' पर बोलते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटन्स के हेड कोच आशीष नेहरा के कोचिग स्टाइल की तुलना एक फुटबॉल कोच से की, और उनकी लगातार एनर्जी और खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने के तरीके का खास तौर पर जिक्र किया।

हरभजन ने कहा कि आशीष नेहरा ही एकमात्र ऐसे इंसान हैं जो कहीं भी, कभी भी माहौल को आरामदायक बना देते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आस-पास मौजूद हर किसी को सहज महसूस कराते हैं। सिर्फ खुद को ही नहीं, बल्कि हर उस इंसान को जो उनके साथ काम करता है। वह उन बेहतरीन इंसानों में से एक हैं जिनसे आप कभी मिलेंगे। अगर




आप उनके साथ हैं, तो आपका समय अच्छा बीतेगा, इसकी पूरी गारंटी है। गुजरात टाइटन्स में उनका सबसे बड़ा योगदान सभी को एकजुट रखना है। यही हैं आशीष नेहरा।

वह एक फुटबॉल कोच की तरह हैं। वह कभी एक जगह टिककर नहीं बैठते। पूरे मैच के दौरान, वह किसी न किसी खिलाड़ी को ढूंढ़ लेते हैं और उससे बात करते रहते हैं। नेहरा जी को खेल की बहुत अच्छी समझ है। गुजरात टाइटन्स के साथ उन्होंने जो काम किया है, वह तारीफ के काबिल है। जियो स्टार के एक्सपर्ट सुरेश रैना ने आईपीएल में कार्तिक त्यागी और अशोक शर्मा की सफलता के पीछे की कड़ी मेहनत और कुर्बानियों पर बात करते हुए कहा,ष्कार्तिक त्यागी ने अपने खेल पर बहुत कड़ी मेहनत की है। पिछले साल उन्हें चोट लगी थी, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की और यूपी टी 20 लीग के दूसरे सीजन में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। उनकी फटिनेस और काम करने का तरीका बहुत बढ़िया है, और अब उनकी वह मेहनत रंग ला रही है। मिनी-ऑक्शन में केकेआर ने उन्हें चुना और वह टीम के मुख्य गेंदबाज बन गए हैं। फिर हैं अशोक शर्मा, जो इस टाटा आईपीएल सीजन में गेंदबाजी के क्षेत्र में एक नई खोज हैं। उनके बड़े भाई ने अपने क्रिकेट खेलने के सपने को छोड़ दिया, क्योंकि परिवार के पास दोनों को सहारा देने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए पहली बार देशव्यापी मैस्कॉट प्रतियोगिता

**नई दिल्ली, वार्ता।** बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बाई) ने आने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के लिए एक देशव्यापी मैस्कॉट डिजाइन प्रतियोगिता की घोषणा की है। इसमें प्रशंसकों, कलाकारों और क्रिएटर्स को बैडलमटन के सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजनों में से एक की पहचान को आकार देने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रशंसकों की भागीदारी को गहरा करने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ इसकी बढ़ती बैडमिंटन विरासत का जश्न मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल, बाई द्वारा समुदाय को खेल के और करीब लाने का अपनी तरह का पहला प्रयास है।

वर्ल्ड चैंपियनशिप 17-23 अगस्त तक नई दिल्ली में होगी। वर्ल्ड चैंपियनशिप 17 साल बाद भारत लौट रही है। यह पहल इस आयोजन के विशाल पैमाने और बैडलमटन में एक बड़ी शक्ति के रूप में देश के उदय को रेखांकित करती है। पिछले एक दशक में जीते गए 15 वर्ल्ड चैंपियनशिप पदकों से यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है, जिनमें 2019 में पी-वी- लसधु का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक और पिछले साल सात्विक-चिराग का कांस्य पदक शामिल है। जैसे-जैसे नई दिल्ली इस वैश्विक आयोजन की मेजबा. नी की तैयारी कर रहा है, मैस्कॉट की खोज एक ऐसा दृश्य पहचान गढ़ने का अनूठा अवसर प्रदान करती है जो भारत की खेल जगत में बढ़ती ऊंचाइयों, सांस्कृतिक समृद्धि और बैडमिंटन के साथ उसके गहरे जुड़ाव को दर्शाती हो। सभी उम्र के प्रतिभागियों के लिए खुली यह प्रतियोगिता 18 अप्रैल से 10 मई तक चलेगी। विजेता को 25,000 रुपये के साथ-साथ सेमीफाइनल या फाइनल के लिए वीआईपी टिकट भी मिलेंगे। ष्आज बैडलमटन पूरे भारत के हर कोने में खेला और पसंद किया जाता है-चाहे कोई भी क्षेत्र, संस्कृति या पृष्ठभूमि हो। यही विविधता हमारे देश में इस खेल की भावना को सही मायने में परिभाषित करती है। विश्व चैंपियनशिप जैसा प्रतिष्ठित आयोजन भारत में होने जा रहा है, और हम 'इंडिया राइलजग' (भारत के बढ़ते कदम) की इस कहानी को 'प्रशंसक-केंद्रित' दृष्टिकोण के माध्यम से मनाना चाहते थे। बाई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रशंसकों को टूर्नामेंट के और करीब लाने का एक प्रयास है, जिससे हर किसी को इसकी पहचान बनाने में योगदान देने का समान अवसर मिल सके। जैसे-जैसे यह खेल आगे बढ़ रहा है।

# अमेरिका ने दी जहाजों पर लदे रूसी तेल पर लगी रोक पर अस्थायी छूट

**वॉशिंगटन।** अमरीकी वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को 17 अप्रैल तक जहाजों पर पहले से लदे रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और बिक्री की इजाजत के लिए एक अस्थाई छूट देने की घोषणा की है। यह छूट 16 मई तक मान्य है। यह छूट सुनिश्चित करती है कि समुद्र में अभी मौजूद तेल अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच सके, साथ ही रूस पर कुल मिलाकर रोक का दबाव बना रहे। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ रही है, मंत्रालय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि तेल उन लोगों को मिले जिन्हें इसकी जरूरत है कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कदम बाजार को स्थिर करने के लिए है, न कि रोक नीति में बदलाव के लिए। यह फैसला अमरीकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के इस संकेत के कुछ ही दिनों बाद आया है कि प्रशासन रूसी तेल के लिए जनरल लाइसेंस नहीं बढ़ाएगा। इस मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि ईरान युद्ध के बीच एशिया में बढ़ती ऊर्जा लागत का सामना कर रहे कई साझेदार देशों ने जी-20, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की बैठक में चर्चा के दौरान वॉशिंगटन पर छूट बढ़ाने का दबाव डाला। यह घोषणा ईरान के विदेश मंत्री के इस टिप्पणी के बाद आई है कि युद्धविराम के दौरान होर्मुज जलमार्ग वाणिज्यिक जहाजों के लिए खुला रहेगा।



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का के लिए रवाना होते समय एक हज यात्री बच्ची को दुलारते हुए।

## यूरोपीय लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद नहीं करेगा रूस: ग्रुश्को

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा कि रूस, रूसियों के लिए शेंगेन वीजा नियमों में सख्ती के जवाब में यूरोपीय लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद करने की योजना नहीं बना रहा है। ग्रुश्को ने कहा कि हमारी ओर से, हम यूरोपीय नागरिकों के लिए अपनी सीमाएं बंद करने या रूस में उनके प्रवेश को प्रतिबंधित करने की योजना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवीय संपर्क, पर्यटन, व्यापार और मानवीय संबंध बनाए रखना आवश्यक है। ग्रुश्को ने कहा कि यूरोपीय संघ द्वारा इन संबंधों को नष्ट करने के सभी प्रयासों के बावजूद, हमारा देश लोगों के बीच संबंध बनाने में रुचि रखता है।

# फिसा नवीनीकरण पर ट्रम्प को झटका

### रिपब्लिकन सांसदों की बगावत से अटका विधेयक, अपनी ही पार्टी के भीतर विरोध का सामना करना पड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि ट्रम्प के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसद उनके समर्थन में एकजुट रहते थे।



■ जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। व्हाइट हाउस के जोरदार प्रयासों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थाई विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रम्प, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे। जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रम्प के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए व्यापक प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थाई सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें। शुरुआत में 'क्लीन एक्सटेंशन' पर जोर देने के बाद भी जब नेतृत्व ने बदलावों के संकेत दिए, तब तक कई सांसदों के लिए ये रियायतें अपर्याप्त साबित हुईं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने आरोप लगाया कि प्रक्रिया जल्दबाजी में चलाई गई और देर रात मतदान तथा अंतिम समय के बदलाव नागरिक स्वतंत्रता और निगरानी से जुड़े गंभीर मुद्दों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं कर पाए। अन्य नेताओं ने आंतरिक मतभेदों को जिम्मेदार ठहराया। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

# अफ्रीका के रास्ते मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप

## हूती विद्रोहियों के हमलों से डरकर रास्ता बदला, 6000 नाविक और 3 डेस्ट्रायर भी साथ

**वाशिंगटन।** समुद्र में दुनिया के सबसे ताकतवर जंगी जहाजों में शामिल अमेरिका का विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जार्ज एचडब्ल्यू बुश सीधा रास्ता छोड़कर लंबा चक्कर लगा रहा है। यह जहाज अब डेढ़ गुना ज्यादा दूरी तय करते हुए अफ्रीका का पूरा चक्कर लगाकर ईरान के करीब पहुंच रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेड सी का रास्ता हूती विद्रोहियों के खतरे से भरा है। जिससे बचने के लिए यह अमेरिकी सुपरकैरियर लंबा रास्ता लेने को मजबूर है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी कैरियर जिब्राल्टर, भूमध्य सागर और स्वेज नहर होते हुए रेड सी से गुजरते हैं। लेकिन इस बार अमेरिकी नौसेना ने यह रास्ता नहीं चुना है। इस कैरियर के साथ तीन डेस्ट्रायर और करीब 6000 नाविक हैं। दो अमेरिकी अधिकारियों ने एपी को बताया कि यह स्ट्राइक ग्रुप मिडिल ईस्ट तैनाती के लिए रवाना हुआ है। इस सबसे ताकतवर माने जाने अमेरिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है। पेंटागन ने आधिकारिक तौर पर वजह नहीं बताई है, लेकिन संकेत साफ हैं कि अफ्रीका का रास्ता लेने से यह जहाज लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से बच रहा है। हाल के सालों में इस इलाके को यमन के हूती विद्रोही ने असुरक्षित बना दिया है। इन हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन है और पहले भी वे लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट जैसे अहम समुद्री रास्तों पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर चुके हैं। यही वजह है कि दुनिया की सबसे ताकतवर नौसेना भी अब उस रास्ते से जाने से बच रही है। 2024 और 2025 में हूती हमलों में अमेरिकी और व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया था। हाल के महीनों में भी उन्होंने हमले फिर शुरू करने की धमकी दी है, जिससे यह इलाका असुरक्षित बना हुआ है। बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में गिना जाता है। यह रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और हर साल करीब 20 हजार जहाज यहां से गुजरते हैं। वैश्विक व्यापार का लगभग 10 प्रतिशत इसी रास्ते से होता है, खासकर तेल और गैस की सप्लाई के लिए यह बेहद जरूरी है। यह रास्ता भौगोलिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण है। इसकी सबसे संकरी जगह करीब 32 किलोमीटर चौड़ी है और यह दो हिस्सों में बंटा है। एक गहरा और चौड़ा रास्ता, पश्चिमी डक्ट-एल-मयून चौनल करीब 16 मील चौड़ा है जहां बड़े जहाज चलते हैं। दूसरा संकरा रास्ता पूर्वी चैनल बाब इस्कंदर करीब दो मील चौड़ा है जिसका इस्तेमाल छोटे जहाज करते हैं। पहले यहां खतरा प्राकृतिक कारणों जैसे चट्टानों और तेज हवाओं से था, लेकिन अब सबसे बड़ा खतरा बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से बन गया है। यूएसएस जार्ज एचडब्ल्यू बुश अमेरिका का 10वां और आखिरी निमिट्ज क्लास न्यूक्लियर पावर्ड सुपरकैरियर है। निमिट्ज अमेरिका के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर युद्धपोतों की एक खास श्रेणी (क्लास) है, जो परमाणु ऊर्जा से चलते हैं और जिन पर लड़ाकू विमान तैनात होते हैं। यह जहाज करीब 6000 नाविकों और एयरक्रू के साथ तैनात है और इसके साथ तीन डेस्ट्रायर भी चल रहे हैं। मार्च के आखिर में यह अमेरिका के नारफोक बेस से रवाना हुआ था और हाल ही में नामीबिया के तट के पास देखा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह मिडिल ईस्ट की ओर जा रहा है। जहां यह यूएसएस अब्राहम लिंकन के साथ जुड़ सकता है, जो फरवरी से ही उस इलाके में आपरेशन कर रहा है।




■ इस सबसे ताकतवर माने जाने अमेरिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है

### अमेरिका-ईरान वार्ता के अच्छे परिणाम की उम्मीद: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ वार्ता के अच्छे परिणाम की उम्मीद है और उन्हें विश्वास है कि समझौते तक पहुंचने के लिए अब कुछ ही मतभेदों को सुलझाना बाकी है। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि वार्ता जारी है और सप्ताहांत में भी जारी रहेगी, और कई अच्छी बातें हो रही हैं। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा को 'बहुत अच्छी' बताया और उम्मीद जताई कि यह सिलसिला 'बहुत अच्छा' बना रहेगा। अमेरिकी नेता ने कहा कि ईरान के साथ सभी मतभेद सुलझ जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई बहुत महत्वपूर्ण मतभेद बचे हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते के अधिकांश बिंदुओं पर बातचीत हो चुकी है। ट्रम्प ने एरिजोना में कंजरवेटिव टर्निंग पॉइंट के एक कार्यक्रम में कहा कि इस प्रक्रिया में हम अच्छे से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन कौन जानता है? किसी के साथ भी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन ईरान के साथ तो और भी ज्यादा। यह प्रक्रिया बहुत तेजी से आगे बढ़नी चाहिए, और ज्यादातर मुद्दों पर पहले ही बातचीत हो चुकी है और सहमति बन चुकी है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान समेत ईरान में ठिकानों पर हमले किए, जिससे नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए।

### कुश्नर, विटकॉफ और संभवतः वेंस ईरान के साथ बातचीत में लेंगे भाग: ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत करने वाले दल में उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, उनके दामाद जारेड कुश्नर और संभवतः उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल होंगे। ट्रम्प ने इससे पहले कहा था कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि समझौते तक पहुंचने के लिए अब बहुत कम मतभेद सुलझाने शेष रह गए हैं। ट्रम्प ने एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि स्टीव (विटकॉफ) और जारेड (कुश्नर) जाएंगे, और शायद उनके साथ जेडी (वेंस) भी। अभी इस बारे में जेडी से बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बातचीत 'केवल इस्लामाबाद' में होगी क्योंकि उनकी 'उन देशों में जाने में कोई दिलचस्पी नहीं है, जिन्होंने मदद नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस सप्ताह के अंत में दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे नुकसान हुआ था और आम नागरिक हताहत हुए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

# पाकिस्तान सेना-बलोच विद्रोहियों में भीषण गोलीबारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना व बलोच विद्रोहियों में भीषण गोलीबारी चल रही है। स्थिति यह है कि सैन्य अभियानों के बीच खारान, खुजदार और मस्तुंग सहित कई जिलों में हिंसा से विद्रोह और व्यापक हो गया है। सेना-विद्रोहियों में सशस्त्र झड़पों के बीच बड़ी संख्या में सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं। हालांकि, सीमित पहुंच के कारण इन खबरों पर पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बल खामोशी बनाए हैं। जबकि खारान में नया सैन्य अभियान शुरू होने का दावा निवासियों ने किया। सेना ने अलमार्क और किसान जैसे इलाकों में तड़के एक अभियान शुरू कर दिया। इस अभियान के दौरान, कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सेना के दस वाहनों के काफिले पर घात लगाकर हमला किया और दोनों पक्षों में गोलीबारी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने अपने ऊपर ड्रोन उड़ने की भी जानकारी दी, लेकिन हताहतों या अभियान के नतीजों के बारे में कोई भी पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। अधिकारी इन घटनाक्रमों पर चुप्पी साधे हैं। इसके बाद सोहिंदा में काफी देर तक गोलीबारी होती रही।

# होर्मुज सुरक्षा को लेकर पेरिस में हुआ बड़ा सम्मेलन

**पेरिस।** होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े वैश्विक व्यापार और सुरक्षा को लेकर फ्रांस और ब्रिटेन की मेजबानी में पेरिस में एक बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इस बैठक में कई देशों ने हिस्सा लिया, जिनका मकसद इस अहम समुद्री मार्ग से बिना रुकावट व्यापार सुनिश्चित करना था। भारत ने इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

■ भारत पर्यवेक्षक बना, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रतिनिधित्व किया मैक्रों-स्टार्मर ने की अध्यक्षता

भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले भी वे अप्रैल में इसी तरह की एक बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए थे। बता दें कि भारत को इस सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी मिला था, जिसकी पुष्टि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने की थी। यह बैठक फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्थित एलिसी पैलेस में हुई। इसकी अध्यक्षता फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने की। गौरतलब है कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल और व्यापारिक सामान गुजरता है। इसी कारण यहां किसी भी तरह की रुकावट का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। फिलहाल जहां एक तरफ ईरान इसे खुला बता रहा है, वहीं दूसरी तरफ दुनिया के कई देश इस रास्ते की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर रणनीति बना रहे हैं।

# लेबनान की स्थायी समझौते पर बातचीत का ऐलान

### लेबनान के लोगों के अधिकारों, क्षेत्रीय एकता और देश की संप्रभुता की सुरक्षा के लिए उठाया गया: औन

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इजरायल के साथ सीजफायर के बाद स्थायी समझौते पर बातचीत करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम लेबनान के लोगों के अधिकारों, क्षेत्रीय एकता और देश की संप्रभुता की सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

यह घोषणा गुरुवार और शुक्रवार की आधी रात से लागू हुए 10 दिवसीय सीजफायर के बाद आई है, जिसका उद्देश्य इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच भीषण तनाव को कम करना है। राष्ट्रपति औन ने लेबनान के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश अब सीजफायर लागू करने से आगे बढ़कर लंबे समय तक स्थिरता बनाए रखने के बड़े चरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सीजफायर का श्रेय लेबनान के लोगों के संयुक्त प्रयासों और कुर्बानियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनयिक जुड़ाव को दिया। आउन ने स्पष्ट किया कि बातचीत कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह लेबनान के हितों की रक्षा करने और जानमाल के नुकसान व विस्थापन को रोकने का एक संप्रभु निर्णय है। उन्होंने कहा कि हजारों लेबनानी मारे गए हैं और विदेशी हितों के लिए अब और जानें नहीं जानी चाहिए। राष्ट्रपति औन ने कहा कि मैं इन फैसलों की पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं। उन्होंने एक ही सरकारी अथारिटी, संविधान और सेना के तहत देश की एकता की भी अपील की। औन ने आने वाले चरण के मुख्य मकसद बताए। इनमें लेबनानी क्षेत्र पर इजरायली हमलों को रोकना शामिल है। इजरायली सेना की वापसी सुनिश्चित करना और कैदियों की वापसी भी प्रमुख लक्ष्य हैं। बेघर हुए नागरिकों की सुरक्षित वापसी मुमकिन बनाना भी एक अहम उद्देश्य है। इसके साथ ही सभी लेबनानी क्षेत्रों में सरकार का पूरा अधिकार वापस लाना भी इसमें शामिल है। इस बीच, हिजबुल्लाह की पालिटिकल काउंसिल के सदस्य वाफिक सफा ने बेरूत में बीबीसी अरबी को बताया कि समूह के हथियारों पर कोई मोलभाव नहीं हो सकता। सफा ने जोर देकर कहा कि हिजबुल्लाह कभी भी हथियार नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमले रुकने इजरायल के हटने, कैदियों की वापसी और बेघर हुए लोगों के अपने वतन लौटने से पहले, हिजबुल्लाह के हथियारों पर बात नहीं हो सकती। सफा ने चेतावनी दी कि हिजबुल्लाह नवम्बर 2024 से लागू सीजफायर जैसा कोई भी समझौता नहीं मानेगा, जो 2 मार्च 2026 को टूट गया था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि इजरायल लेबनान सरकार के साथ राजनयिक और सैन्य समाधान का मौका देगा।



■ इजरायली सेना की वापसी सुनिश्चित करना और कैदियों की वापसी भी प्रमुख लक्ष्य हैं: औन

# जापान में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी नागानो प्रांत में शनिवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1.20 बजे यह भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.0 मापी गई। प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने इस प्राकृतिक आपदा पर तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि भूकंप का केंद्र उत्तरी नागानो में था।

ओमाची शहर में सबसे ज्यादा असर देखा गया। प्रधानमंत्री ने स्थिति को संभालने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय के संकट प्रबंधन केंद्र में एक विशेष संपर्क कक्ष स्थापित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नुकसान का जल्द से जल्द पता लगाएं और जनता तक सटीक जानकारी पहुंचाएं। प्रधानमंत्री ने प्रभावित इलाकों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में भी इसी तरह की तीव्रता वाले झटके महसूस हो सकते हैं। 'द जापान टाइम्स' के अनुसार, मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल इस भूकंप से सुनामी आने का कोई खतरा नहीं है। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई शहरों में भूकंप का असर अलग-अलग रहा। ओमाची शहर में तीव्रता पांच (ऊपरी स्तर) और नागानो शहर में तीव्रता पांच (निचली स्तर) दर्ज हुई।

■ पीएम सनाए ताकाइची ने लोगों से अलर्ट रहने की अपील की

# तुर्की में चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

### पाक, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री आपसी सहयोग बढ़ाने पर एकजुट हुए

अंकारा। तुर्की के अंटाल्या शहर में पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हुई। इस बैठक में चारों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्रीय मुद्दों पर मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया। यह तीसरी परामर्श बैठक थी, जो ऐसे समय में हुई जब पश्चिम एशिया में तनाव और वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं।

इस बैठक को कूटनीतिक स्तर पर बड़ी पहल माना जा रहा है। इस बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार, सऊदी अरब के प्रिंस फैसल बिन फरहान, तुर्की के हाकन फिदान और मिस्र के बद्र अब्देलअती शामिल हुए। यह बैठक अंटाल्या डिप्लोमेसी फोरम के दौरान हुई। सभी नेताओं ने साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और एक मजबूत साझेदारी बनाने पर सहमति जताई। उन्होंने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया। बैठक में बदलते क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने माना कि मौजूदा समय में बातचीत और सहयोग ही तनाव कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों के बीच संवाद जारी रहना चाहिए, ताकि किसी भी तरह के टकराव को रोका जा सके और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। हाल ही में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत हुई थी, लेकिन कोई ठोस समझौता नहीं हो सका। इन हालातों ने पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में आर्थिक दबाव और अस्थिरता का खतरा बढ़ा दिया है, जिस पर भी इस बैठक में चर्चा हुई। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री भी रहे इशाक डार ने चारों देशों के बीच एक सहयोगी ढांचा बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मिस्र, पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की मिलकर शांति, समृद्धि और आर्थिक विकास के लिए साझा योजना तैयार करें।

■ बैठक में बदलते क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा की गई

# राधाकृष्णन रविवार से दो दिन की श्रीलंका यात्रा पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रविवार से दो दिन की श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह भारत के उपराष्ट्रपति की श्रीलंका की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति श्रीलंका के राष्ट्रपति महामहिम अनुरा कुमारा दिसानायका से मुलाकात करेंगे। वह रविवार को श्रीलंका की प्रधानमंत्री डा. हरिणी अमरासुरिया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे। वह भारतीय मूल के तमिल समुदाय के नेताओं और श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों के तमिल नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। उपराष्ट्रपति कोलंबो में एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे।

# 48 घंटे में चार चीनी विमान गायब!

### ईरान में लैंडिंग के दावे से मचा हड़कंप, जानें क्या है मामला

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अब एक नया दावा सामने आया है, जिसने पहले से ही संवेदनशील भू-राजनीतिक माहौल को और पेचीदा बना दिया है। इस बार चर्चा जमीन पर नहीं, बल्कि आसमान में हुई कथित गतिविधियों को लेकर है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तेजी से वायरल हो रहे पोस्ट में टिप्पणीकार मारियो नवाफल ने मोसाद कमेंट्री का हवाला देते हुए दावा किया कि चीन के चार कार्गो विमान 48 घंटे के भीतर ईरान पहुंचे, लेकिन उससे पहले उन्होंने उड़ान के दौरान अपने ट्रांसपोंडर बंद कर दिए। पोस्ट में कहा गया कि ये विमान ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से पहले गायब हो गए, जिसे एविएशन विशेषज्ञ अक्सर जानबूझकर लोकेशन छिपाने से जोड़ते हैं, न कि तकनीकी खराबी से। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि इन विमानों में हथियार और गोला-बारूद ले जाया जा रहा था। हालांकि, इन दावों की किसी भी सरकार या स्वतंत्र एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर इनकी सत्यता स्थापित नहीं हो सकी है। हालांकि, इन दावों की किसी भी सरकार या स्वतंत्र एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर इनकी सत्यता स्थापित नहीं हो सकी है। इन दावों ने इसलिए भी ध्यान खींचा है क्योंकि ये ऐसे समय में सामने आए हैं जब चीन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आश्वस्त किया था कि वह ईरान को हथियार नहीं देगा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और हालिया संघर्षविराम के बीच यह मुद्दा पहले से ही बेहद संवेदनशील बना हुआ है। बीजिंग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ईरान को सैन्य सहायता देने से जुड़े सभी मीडिया रिपोर्ट पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर अमेरिका इन आरोपों के आधार पर कोई कदम उठाता है, तो चीन जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यह बयान उस व्यापक संदर्भ में आया है, जहां वाशिंगटन की ओर से उन देशों पर संभावित टैरिफ बढ़ाने के संकेत दिए गए हैं, जो ईरान की किसी भी तरह मदद करते पाए जाते हैं।





## फिल्म मायसा के लिए बैंकॉक पहुंचीं अभिनेत्री, प्रतिदिन आठ घंटे कर रहीं मेहनत

# रश्मिका ले रहीं मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फिल्म मायसा के लिए बैंकॉक में मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली है। नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में कदम रख रही हैं और इसकी वजह उनकी आने वाली पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म मायसा है। फिल्म की इंटेंस झलक ने पहले ही काफी चर्चा बटोर ली थी, लेकिन अब रश्मिका की ऑफ-स्क्रीन मेहनत उम्मीदों को और भी ज्यादा बढ़ा रही है। डेब्यू डायरेक्टर रविंद्र पुल्ले के निर्देशन और अनफॉर्मुला फिल्म्स के प्रोडक्शन में बन रही मायसा में रश्मिका एक आदिवासी गोंड लड़की के रोल में हैं, एक ऐसा किरदार जिसमें इमोशनल गहराई के साथ-साथ जबरदस्त शारीरिक ताकत की भी जरूरत है। इंटरनेशनल एक्शन डायरेक्टर एंडी लॉन्ग की देखरेख में इसके स्टंट्स तैयार किए जा रहे हैं, जिससे यह फिल्म भारतीय सिनेमा में फीमेल-लेड एक्शन के लिए एक नया पैमाना सेट करने की तैयारी में है।

फिल्म की स्क्रिप्ट सुनने के बाद रश्मिका ने एक बड़ा फैसला लिया और वह है खुद को इस रोल के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार करने का। एक्शन को एकदम असली और दमदार दिखाने के लिए रश्मिका बैंकॉक गई हैं, जहां वो एक इंटेंस स्टंट और कॉम्बैट बूटकैंप में हिस्सा ले रही हैं। वहां उनका डेली रूटीन काफी मुश्किल भरा है। वो हर दिन लगभग आठ घंटे ट्रेनिंग कर रही हैं, जिसमें वो दुनिया भर के एक्सपर्ट्स से एडवांस स्टंट तकनीक, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई-स्पीड एक्शन कोऑर्डिनेशन सीख रही हैं। उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरों में रश्मिका का एक अलग ही रूप दिख रहा है, बेहद फोकस्ड और निडर, जो उनके अब तक के सॉफ्ट किरदारों से बिल्कुल अलग है। टीम जल्द ही केरल में फिल्म का एक अहम 16 दिनों का एक्शन शेड्यूल शुरू करेगी और रश्मिका की मौजूदा ट्रेनिंग खास तौर पर इसी मुश्किल हिस्से के लिए तैयार की गई है। रश्मिका की इस कड़ी मेहनत को देखकर साफ है कि मायसा उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक बड़ा बदलाव और मील का पत्थर है, जिसे वो हर हाल में हासिल करना चाहती हैं। जैसे-जैसे शूटिंग और तैयारी जोर-शोर से आगे बढ़ रही है, उनके इस अनोखे अवतार को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ती जा रही है। इस फिल्म में ईश्वरी राव, गुरु सोमसुंदरम और राव रमेश जैसे बेहतरीन कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। श्रेयस पी कृष्णा सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं, जबकि जेक्स बिजॉय ने संगीत दिया है। इंटरनेशनल स्टंट कोरियोग्राफर एंडी लॉन्ग इस बड़े प्रोजेक्ट के एक्शन सीन्स की देखरेख कर रहे हैं।

> **अभिनेत्री दुनिया भर के एक्सपर्ट्स से एडवांस स्टंट तकनीक, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई-स्पीड एक्शन कोऑर्डिनेशन सीख रही हैं। उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरों में रश्मिका का एक अलग ही रूप दिख रहा है, बेहद फोकस्ड और निडर, जो उनके अब तक के सॉफ्ट किरदारों से बिल्कुल अलग है। टीम जल्द ही केरल में फिल्म का एक अहम 16 दिनों का एक्शन शेड्यूल शुरू करेगी और रश्मिका की मौजूदा ट्रेनिंग खास तौर पर इसी मुश्किल हिस्से के लिए तैयार की गई है।**

# विजय-शौर्ययुव ने नए प्रोजेक्ट के लिए मिलाया हाथ



**मुंबई।** अभिनेता विजय देवरकोंडा और निर्देशक शौर्ययुव एक ऐसे प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं जो बड़े स्केल, ऊंचे इरादों और ग्लोबल सिनेमा की तरफ एक साहसी कदम का इशारा देता है। अनाउंसमेंट पोस्टर में विजय देवरकोंडा को लोहे की जंजीरों से बंधे चार कुत्तों के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है, जबकि उनके पीछे 6-7 आदमी चल रहे हैं। यह पोस्टर सिर्फ एक फिल्म का ऐलान नहीं है, बल्कि यह उस चीज को बनाने के बारे में है जो तभी मुमकिन है जब यह सब एक साथ आएं। टीम ने दैट्स यह रोर नाम से एक थीम सॉन्ग भी जारी किया है। यह गाना इस बारे में है कि जिंदगी आपके सामने कैसी भी मुश्किलें क्यों न खड़ी कर दे, आपको हार नहीं माननी है। यह दिखाता है कि कैसे एक इंसान दर्द, संघर्ष और नाक. ामियों का सामना करने के बावजूद फिर से खड़े होने और आगे बढ़ने का फैसला करता है। यह कहता है कि ताकतवर होने के लिए आपको नाम या शोहरत की जरूरत नहीं है, असली ताकत कभी हार न मानने में है। जब आप मुश्किल वक्त में भी एक छोटा कदम बढ़ाते हैं, तो वही आपकी असली दहाड़ है। यह प्रोजेक्ट एक पैरेलल माइथोलॉजिकल यूनिवर्स में सेट है।एक ऐसी दुनिया जो प्राचीन तो लगती है पर पूरी तरह काल्पनिक है। यह जानी-पहचानी होते हुए भी एकदम नई और ओरिजिनल है। यह पौराणिक कथाओं की आत्मा से जुघी है लेकिन उनकी सीमाओं में बंधने से इनकार करती है। यह एक ऐसा धमाका है जो उम्मीदों को आसमान पर ले जाता है। टीम में बघ्े ग्लोबल नामों के जुघ्ने से विजय देवरकोंडा और शौर्ययुव दुनिया भर में छा जाने के लिए तैयार हैं और इस प्रोजेक्ट की हर एक चीज एकदम किलर लग रही है।


### 1100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज ने भारतीय बाजार में 1103 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की सीक्वल धुरंधर: द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। फिल्म का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन की अहम भूमिका है। सैकनिल्क के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार धुरंधर: द रिवेंज ने पेड प्रीव्यू के दौरान 18 मार्च को फिल्म ने 43 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताह भारतीय बाजार में 674.17 करोड़ की धमाकेदार कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 263.65 करोड़ की जोरदार कमाई की।

# एक समय था जब बॉलीवुड पर छा गई थीं पूनम ढिल्लो

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों आज 64 वर्ष की हो गई। पूनम ढिल्लों का जन्म 18 अप्रैल 1962 को उत्तरप्रदेश के कानपुर में हुआ था। उनके पिता अमरीक सिंह भारतीय वायु सेना में विमान इंजीनियर थे। पूनम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ कार्मेल कान्वेंट हाई स्कूल से पूरी की।

1977 में पूनम ढिल्लो को अखिल भारतीय सौन्दर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिसमें वह पहले स्थान पर आई। इस बीच पूनम की खूबसूरती से प्रभावित होकर निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा ने अपनी फिल्म त्रिशूल में उनसे काम करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी में कार्यरत उनके करीबी दोस्त गार्गी ने उन्हें



समझाया कि फिल्मों में काम करना कोई बुरी बात नहीं है। पूनम ढिल्लो के परिजनों ने उन्हें इस शर्त पर फिल्मों में काम करने की इजाजत दी कि वह स्कूल की छुट्टियों के दौरान ही फिल्मों में एक्टिग करेंगी। फिल्म त्रिशूल में पूनम को संजीव कुमार, शशि कपूर और अमिताभ बच्चन जैसे धुरंधर सितारों के साथ काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उन्होंने संजीव कुमार की बेटी की भूमिका निभाई, जो अभिनेता सचिन से प्रेम करती है। फिल्म में उन पर फिल्माया गया गाना गप्पूजी उन दिनों युवाओं के बीच क्रेज बन गया था। फिल्म त्रिशूल टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद कई फिल्मकारों ने पूनम ढिल्लों से अपनी फिल्म में काम करने कीपेशकश की लेकिन उन्होंने उन सारे प्रस्तावों को ठुकरा दिया क्योंकि वह अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थी। वर्ष 1979 में यश चोपड़ा के ही बैनर तले बनी फिल्म नूरी में पूनम को काम करने का अवसर मिला। बेहत. रीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की कामयाबी ने न सिर्फ उन्हें बल्कि एक्टर फारूख शेख को भी स्टार के रूप में स्थापित कर दिया।

### मटका किंग ने प्राइम वीडियो इंडिया पर नंबर 1 पर एंट्री मारी



**मुंबई।** सीरीज मटका किंग 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होते ही सिर्फ 24 घंटे में प्राइम वीडियो इंडिया पर सबसे ज्यादा देखने जाने वाली सीरीज बन गई। यह शो बेल्जियम जैसे इंटरनेशनल मार्केट्स में भी टॉप ट्रेंड कर रहा है। इस सीरीज का निर्देशन नागराज पोपटराव मंजुले ने किया है, जिसमें लीड रोल में विजय वर्मा हैं। इस सीरीज में कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदार में नजर आ रहे हैं। मटका किंग को सिद्धार्थ रॉय कपूर ने अपने बैनर रॉय कपूर फिल्म्स के तहत प्रोडयूस किया है।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया ने तृप्ति को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी, अपैरल ग्रुप ने तृप्ति डिमरी को विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया का पहली ब्रांड एंबेसडर बनाया है। विक्टोरिया सीक्रेट, जिसमें इसके प्रमुख ब्रांड्स विक्टोरिया सीक्रेट और पिक शामिल हैं, ने भारत में अपना समर सिग्नेचर कैंपेन लॉन्च किया है। यह ब्रांड्स आत्मविश्वास, खुशी और आकर्षण को बढ़ावा देने पर फोकस करते हैं। इस कैंपेन में जानी-मानी भारतीय अभिनेत्री और नई ब्रांड एंबेसडर तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। समर सिग्नेचर कलेक्शन में आरामदायक और आसानी से पहनने वाली लॉन्जरी और स्लीपवियर शामिल हैं, जिनमें ब्रांड का सिग्नेचर स्ट्राइप डिजाइन देखने को मिलता है। इस कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो रोजमर्रा के आराम के लिए बनाए गए हैं। वहीं, स्लीपवेयर में सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन स्लिप और सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन लॉन्ग पायजामा सेट शामिल हैं, जो आराम के साथ हल्कापन और लक्जरी एहसास देते हैं। इसके साथ ही समर सिग्नेचर के साथ कूल एयर कलेक्शन और कैंपेन भी लॉन्च किया गया है, जिसमें तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा, विक्टोरिया सीक्रेट के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो हर महिला की अपनी पहचान को सेलिब्रेट करता है और उसे आत्मविश्वास के साथ खुद को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। सिग्नेचर कूलब्रा और समर सिग्नेचर कलेक्शन खास तौर पर आराम और सहजता पर आधारित हैं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई।

> **कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं।**